
UPHIN/2011/39718 (डिजिटल संस्करण) बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-197 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) मंगलवार 30 जून 2026 youngbharatE-paper.com

## यूपी में साइकिल चलती रहती तो दंगे होते रहते', पीलीभीत में अखिलेश यादव की पार्टी पर बरसे सीएम योगी



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक



( यंग भारत न्यूज )

**पीलीभीत:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार पूर्ववर्ती सपा सरकार पर हमला बोला। पीलीभीत पहुंचे सीएम ने कहा कि अगर यूपी में साइकिल चलती रहती तो दंगे होते रहते। सपा के लोग कट्टे बनाते थे, हम लोग ब्रह्मोस मिसाइल बना रहे हैं। । जनता ने साइकिल को पंचर कर दिया है। सीएम योगी ने कांग्रेस को भी घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश का बंटवारा किया। सीएम योगी ने कहा कि सपा की सरकारों में माफिया को संरक्षण मिलता रहा। सपा सरकार में सिर्फ सैफई का विकास होता था। हम सभी जिलों का विकास कर रहे हैं। सपा की साइकिल अगर चलती रहेगी तो यूपी में दंगे होते रहेंगे। आज यूपी में कोई दंगा नहीं कर सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज डबल इंजन की सरकार आई। सिटिजनशिप अमेंडमेंट एक्ट आया। लंबे समय बाद किसी सरकार ने सोचा कि विस्थापित हिंदुओं,बौद्ध,सिखों जैनियों को भी भारत की नागरिकता मिलनी चाहिए, जो पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान से विस्थापित हैं। सीएम योगी ने कहा कि याद करिये,दिल्ली और विभिन्न राज्यों में कांग्रेस,समाजवादी पार्टी ने आंदोलन किया, आज जो सर्टिफिकेट वितरित हो रहे हैं,इसी के खिलाफ ये लोग आंदोलन कर रहे थे कि नहीं मिलना चाहिए! इनका तो सबसे पहला उद्देश्य ही यही है कि देश के संसाधनों पर विभाजन के बावजूद पहला अधिकार मुसलमान का होना चाहिए,बाकी किसी का नहीं। यही इनकी कुत्सित चेष्टा थी,यही इनकी तुष्टिकरण की नीति थी,यही पाप ये जिंदगी भर करते रहे और इनके पाप का खामियाजा हिंदू भुगतता रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने इन गरीबों की पीड़ा के साथ अपनी संवेदना को जोड़ा,यह संवेदना समाजवादी पार्टी भी जोड़ सकती थी,उन्हें 4 बार शासन करने का अवसर मिला था, लेकिन ये तब करते जब 'बबुआ' को समय पर जगने की आदत हो। 12 बजे सोकर उठेंगे,2 बजे तक तैयार होंगे,5 बजे जिम चले जायेंगेतो गरीब की पीड़ा सुनने का आदत कहा होगी। उनके लिए विकास तो केवल सैफई का विकास है। पीलीभीत उनके एजेंडे में नही था। होता तो 4 बार सरकार होने पर मेडिकल कॉलेज बन गया होता। गौरतलब है कि सीएम योगी ने सोमवार को पीलीभीत के बरखेड़ा एवं बीसलपुर विधान सभा क्षेत्रों में 569 करोड़ से अधिक लागत की 66 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। इसके अलावा मुरादाबाद नगर, मुरादाबाद देहात और कुंदरकी विधान सभा क्षेत्रों सहित नगर निगम एवं मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की 365 करोड़ से अधिक लागत की 63 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया।

## यूपी की सियासत में शह-मात: अयोध्या में 'चंदा चोरी' के आरोप पर सीएम योगी का 'मथुरा कार्ड', बैकफुट पर सपा

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश की सियासत में इन दिनों अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा और चंदा चोरी के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी ने बेहद आक्रामक रुख अपना रखा है, जिसे काउंटर करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और बीजेपी ने एक बड़ा रणनीतिक दांव चल दिया है।

अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट के दान में गड़बड़ी के आरोपों को लेकर जैसे ही 8 लोगों की गिरफ्तारी हुई, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इसे सीधे योगी सरकार की नाकामी और बीजेपी के चरित्र से जोड़ते हुए 'चंदा चोरी' और 'चढ़ावा चोरी' का एक नया सियासी नैरेटिव सेट करना शुरू कर दिया। अखिलेश का मकसद बीजेपी की 'हिंदुत्व और शुचिता' वाली छवि पर चोट करना था, जिससे बीजेपी के लिए सियासी जवाब देना मुश्किल हो रहा था। इस नैरेटिव की धार को कुंद करने के लिए योगी सरकार ने पहले प्रशासनिक स्तर पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसआईटी (स्ढ्ढञ्ज) जांच बैठाई और आरोपियों को जेल भेजा, जिससे यह संदेश गया कि जन-आस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इसके तुरंत बाद राजनीतिक मंच से सीएम योगी ने अखिलेश को सीधे 'मथुरा' के मुद्दे पर घेरकर पूरी बहस का रुख ही मोड़ दिया। योगी आदित्यनाथ ने हाथरस के मंच से अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें दो सीधे चैलेंज दिए। उन्होंने कहा कि अखिलेश अयोध्या की चिंता छोड़ें, वहां जाकर प्रायश्चित करें और अगर वे खुद को वाकई धार्मिक मानते हैं, तो खुलकर कहें कि जैसे राम जन्मभूमि की मुक्ति का आंदोलन चला था, वैसे ही मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति का भी अभियान चलना चाहिए। योगी के इस 'मथुरा चैलेंज' ने समाजवादी पार्टी के सामने कुएं और खाई जैसी स्थिति पैदा कर दी है, क्योंकि भगवान श्रीकृष्ण को पूजने वाले यादव समाज के सामने अखिलेश अगर इस मुद्दे पर चुप रहते हैं, तो बीजेपी उन्हें 'कृष्ण विरोधी' साबित करेगी, और अगर वे इसका समर्थन करते हैं, तो पार्टी का कोर मुस्लिम वोट बैंक छिटकने का डर है। इसके साथ ही सीएम योगी ने सपा सरकार के दौरान थानों में जन्माष्टमी पर रोक और कारसेवकों पर गोली चलने के अतीत को याद दिलाकर सपा को पूरी तरह बैकफुट पर धकेल दिया है। इस सियासी शह-मात के खेल में बीजेपी सिर्फ कमंडल यानी धार्मिक ध्रुवीकरण के भरोसे नहीं है, बल्कि वह मंडल की राजनीति को भी साथ में साध रही है। एक तरफ जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सपा को अयोध्या और मथुरा के मुद्दे पर ललकार रहे थे, वहीं दूसरी तरफ बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने लखनऊ में दिग्गज समाजवादी विचारक राम मनोहर लोहिया के परिजनों से मुलाकात कर राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज कर दी। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष का सपा के सबसे बड़े वैचारिक प्रतीक के घर जाना साफ संकेत देता है कि भाजपा की नजर सपा के पारंपरिक वोट बैंक और उसकी विचारधारा में सेंधमारी करने पर है। इस तरह, अखिलेश यादव ने अयोध्या के बहाने बीजेपी को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेरने की जो कोशिश की थी



## सुर्खियां.............

### 30 जून की मध्य रात्रि से तीन माह के लिए नदियों से बंद होगा बालू खनन

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** शासन के निर्देशानुसार 30 जून की मध्य रात्रि से कालपी तहसील क्षेत्र के यमुना तथा बेतवा नदियों में बालू खनन पर तीन माह के लिए रोक लग जाएगी। इसके चलते कालपी तहसील क्षेत्र की यमुना एवं बेतवा नदियों में 1 जुलाई से 30 सितंबर तक बालू का खनन पूरी तरह बंद रहेगा। स्थानीय प्रशासन के द्वारा इसके लिए पुख्ता तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### कालपी छोड़ गई यमुना नदी को घाटों पर वापस लाने हेतु सौंपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** धर्मनगरी कालपी में स्थित यमुना नदी के तट स्थित घाटों के संरक्षण एवं घाटों तक यमुना मैया की जल धारा को पुन:लाने की मांग को लेकर श्रद्धालुओं तथा अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी अमित शेखर को ज्ञापन सौंपते हुए समस्या का समाधान करने की मांग उठाई है। सोमवार को तहसील कालपी कार्यालय में एडवोकेट देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव एवं श्रद्धालुओं ने एसडीएम को राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन देते हुए अवगत कराया हैं कि यमुना मैया कालपी धरोहर है। मां यमुना का कालपी में होना हम सभी के लिए एक वरदान है।

### पुलिस ने 20 क्वार्टर अवैध देशी शराब के साथ युवक को पकड़ा

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** सर्किल के क्षेत्राधिकारी राजेश कमल के निर्देश पर कालपी तहसील क्षेत्र के ग्राम छोटी नादई में इलाकाई पुलिस टीम के द्वारा एक व्यक्ति को 20 क्वार्टर देसी अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर चालान कर दिया किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चुरखी थाना क्षेत्र के उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार हमराही सिपाही नीरज कुमार थ मोटरसाइकिल से रवाना होकर जयरामपुर में कस्तूरबा तिराहा चुर्खी में मौजूद थे।

## मुहर्रम पर महा-नरसंहार की साज़िश और 30,000 ज़हरीले कैप्सूल... 15000 ज़िंदगियों को तड़पा-तड़पा कर मारने का खौफनाक प्लान! आरोपी गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

एक सिरफिरे ने डोंगड़ी के एक सस्ते होटल के कमरे को पल भर में 'मौत के कारखाने' में तब्दील कर दिया। आरोपी ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के ज़रिए चूहों को मारने वाला जानलेवा 'जिंक फॉस्फाइड' ज़हर मंगाया और छिपकर 30,000 ज़हरीले कैप्सूल तैयार कर लिए।



उसका इरादा मुहर्रम के जुलूस में मातम मना रहे 15,000 बेगुनाह श्रद्धालुओं को दर्द की दवा के नाम पर तड़पा-तड़पा कर मारने का था। गनीमत रही कि कुछ लोगों के बीमार पड़ते ही डॉक्टरों और पुलिस की मुस्तैदी से इस महा-नरसंहार की कँपकँपी छुड़ाने वाली साज़िश का भंडाफोड़ हो गया, वरना मुंबई इतिहास की सबसे खौफनाक और दर्दनाक त्रासदी की गवाह बन जाती।

टाइम्स ऑफ़ इंडिया' की रिपोर्ट के मुताबिक, 39 साल के फ़ैयाज़ प्रेमजी मुहर्रम जुलूस से करीब दो हफ़्ते पहले डोंगड़ी के एक सस्ते होटल में रुके थे। वहां रहने के दौरान, उसने कथित तौर पर एक ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म के ज़रिए 30,000 खाली कैप्सूल और लगभग 50 किलोग्राम जिंक फ़ॉस्फ़ाइड मंगवाया। जिंक फ़ॉस्फ़ाइड एक बहुत ज़हरीला रसायन है जिसका इस्तेमाल आमतौर पर चूहों को मारने के लिए किया जाता है। पुलिस का मानना है कि उसने कई दिनों तक अपने होटल के कमरे में ही ये कैप्सूल तैयार किए। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी के दौरान होटल से जिंक फ़ॉस्फ़ाइड भरे 14,900 कैप्सूल बरामद किए गए। जांचकर्ताओं का अब मानना है कि प्रेमजी कुल 30,000 कैप्सूल तैयार करना चाहता था। उसने कथित तौर पर कबूल किया कि उसकी योजना मुहर्रम जुलूस के दौरान दर्द कम करने वाली दवा के नाम पर ये कैप्सूल बांटकर लगभग 15,000 लोगों को मारने की थी। फ़ोरेंसिक जांच के लिए बाकी रसायन और अन्य सामान भी ज़ब्त कर लिए गए हैं ।यह मामला तब सामने आया जब मुहर्रम जुलूस में शामिल कुछ लोगों ने वे कैप्सूल खा लिए, जिन्हें रस्मों में हिस्सा लेने वालों की मदद के लिए दर्द निवारक दवा बताकर दिया गया था। इसके कुछ ही देर बाद, कुछ लोगों को जी मिचलाने, उल्टी और पेट दर्द की शिकायत हुई, जिसके बाद डॉक्टरों ने पुलिस को सूचित किया। तेज़ी से कार्रवाई करते हुए अधिकारियों ने उन कैप्सूलों का पता प्रेमजी तक लगाया। जांचकर्ताओं का कहना है कि उसकी गिरफ़्तारी से एक बहुत बड़ी त्रासदी टल गई। तब से इस मामले की जांच ज़हर देने की कथित कोशिश से आगे बढ़ गई है। प्रेमजी, जो पहले पुणे में पेंट बनाने का कारोबार करता था और करीब दो साल पहले मुंबई आ गया था, उसके विदेशी संपर्कों की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने उसके मोबाइल फ़ोन से ईरान और इराक से जुड़े फ़ोन नंबर बरामद किए हैं और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या उनका इस मामले से कोई संबंध है। हालांकि जांचकर्ताओं को अब तक कोई विदेशी लिंक नहीं मिला है, लेकिन महाराष्ट्र एंटी-टेररिज्म स्क्वाड, मुंबई पुलिस और अन्य खुफिया एजेंसियां मिलकर सभी संभावित पहलुओं की जांच कर रही हैं। जांच के हिस्से के तौर पर,ृ ्र्रञ्जस् और मुंबई पुलिस की टीमों ने पुणे में प्रेमजी के परिवार वालों के घरों का दौरा किया। अधिकारियों ने बताया कि परिवार ने जांचकर्ताओं को जानकारी दी कि वे कुछ समय से उसके संपर्क में नहीं थे। पुलिस को पता चला कि उसके पिता अलग रहते हैं, जबकि उसकी माँ, भाई और बहन पुणे में ही किसी दूसरे पते पर एक साथ रहते हैं। शुरुआती जांच में आरोपी की मानसिक स्थिति के पीछे कुछ निजी वजहों का भी संकेत मिला है। जांचकर्ताओं के अनुसार, शक है कि करीब दो साल पहले पत्नी के छोड़कर चले जाने के बाद प्रेमजी डिप्रेशन में चला गया था। हालांकि, पुलिस ने साफ़ किया है कि वे अभी भी इस बात की पुष्टि कर रहे हैं कि क्या कथित अपराध में उसकी निजी परिस्थितियों की कोई भूमिका थी और वे इसे जांच के सिर्फ़ एक पहलू के तौर पर देख रहे हैं। आरोपी पर भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिनमें हत्या की कोशिश और ज़हर देना शामिल है। जांचकर्ता अब उसके वित्तीय लेन-देन, डिजिटल डिवाइस, ऑनलाइन खरीदारी, यात्रा के इतिहास और बातचीत की जांच कर रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसने अकेले यह काम किया

## कांग्रेस सपा से नहीं बसपा से कर सकती है समझौता

**अनिल शर्मा+ संजय श्रीवास्तव**

( यंग भारत न्यूज )

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस ने पूर्व खाटी बसपाई राजेन्द्र गौतम को उत्तर प्रदेश कांग्रेस का प्रभारी बनाया है । यह अचानक नहीं हुआ जब कांग्रेस के सांसद तनुज पूनिया और अविनाश पाण्डेय तत्कालीन प्रभारी कांग्रेस पूर्व मुख्यमंत्री मायावती जी से मिलने गये तो पूर्व मुख्यमंत्री ने भेट नही की थी द्ययह दूसरी बात है कि मुलाकात से विफल रहने पर अवीनाश पाण्डेय को प्रभारी पद से हटा दिया गया,और पूर्व खाटी बसपाई राजेन्द्र गौतम को उत्तर प्रदेश कांग्रेस का प्रभारी बनाया है।

कांग्रेस सपा की अपेक्षा बसपा से गठबंधन करने में फायदा देख रहे हैं ।सपा ने लोकसभा में 37सीटे क्या जीती वह कांग्रेस को बहुत कम सीटें देना चहती है जब कि कांग्रेस यह मानकर चल रही है कि वह कम से कम 70सीटे जीत सकती है।

### बसपा का वोटर गठबंधन धर्म

निभाता जबकि सपा के यादव लोग अन्य पार्टियों में जहां यादव होता है वोट देते कांग्रेसी सपा के प्रत्याशियों को अपना वोट देते हैं। बसपा 2022मेमात्र एक सीट जीती थी। और बसपा को भी मालूम है कि सपा से सीट समझौता में बडी कठिनाई होगी। संभल और आजम खान के रबइये से मुस्लिम वोट सपा से दूरी बना ले तो कोई अतिशयोक्ति न होगी। एक समीकरण यह भी बन सकता है कि कांग्रेस बसपा चन्द्रशेखर (रावण) और औवेसी उत्तर प्रदेश में मिलकर चुनाव लड़ें तो कोई आश्चर्य की बात नहीं। 2027भाजपा सपा कांग्रेस और बहुजन के लिए जीवन मरण का प्रश्न है क्योंकि कोई एक प्रादेशिक पार्टी का समापन होना निश्चित है।

## राममंदिर चोरी- 8 आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत : पुलिस ने रिमांड नहीं मांगी, अयोध्या के वकील पैरवी नहीं करेंगे; चंपत राय से पूछताछ

**अयोध्या/लखनऊ।** अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरी मामले में पूर्व पदाधिकारियों चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव से पूछताछ की गई। उनके बयान दर्ज किए गए। इसके बाद चंपत राय दिल्ली चले गए। इस बीच मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। वकील अनूप अवस्थी की उइक जांच की मांग वाली याचिका पर तुरंत सुनवाई से इनकार करते हुए कोर्ट ने पूछा कि इतनी जल्दी क्या है। छुट्टियों के बाद ही मामला सुना जाएगा।

इधर, पुलिस सोमवार सुबह साढ़े 10 बजे जेल में बंद 8 आरोपियों के खाते खंगालने के लिए रइक की अयोध्या धाम ब्रांच पहुंची।7 आरोपियों के खाते इसी ब्रांच में हैं। पुलिस ने बैंक स्टेटमेंट लिए। अब यह जांच की जाएगी कि मंदिर में नौकरी के बाद से उनके खातों में कितना पैसा आया। पुलिस ने बैंक के 2 कर्मचारियों को भी नोटिस दिया है। इस बीच, सभी 8 आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस आरोपियों की रिमांड नहीं मांगी। फिर कोर्ट ने सभी आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अगली सुनवाई 13 जुलाई को होगी। तब तक आरोपी जेल में ही रहेंगे। हालांकि, इससे पहले ही अयोध्या के वकीलों ने बड़ी बैठक की। इसमें फैसला लिया कि चढ़ावा चोरी के आरोपियों का केस कोई भी वकील नहीं लड़ेगा। साथ ही, चंपत राय, गोपाल राव और अनिल मिश्रा के अयोध्या छोड़ने की मांग की। नहीं छोड़ने पर आंदोलन की चेतावनी दी। चोरी का मामला पहली बार 7 जून को सामने आया। यूपी सरकार ने 13 जून को रकळ बनाई। रकळ ने 23 जून को एडिशनल चीफ सेक्रेटरी (गृह) संजय प्रसाद को रिपोर्ट सौंपी।25 जून को ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन की शिकायत पर एफआईआर हुई। इसमें रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू समेत 8 को नामजद किया गया। हालांकि, चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्रा समेत बड़े पदाधिकारियों के नाम नहीं हैं। एफआईआर दर्ज होने के कुछ घंटे बाद ही पुलिस ने टिन्नू समेत 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।26 जून को सीजेएम कोर्ट ने सभी आरोपियों को 3 दिन के लिए जेल भेज दिया। इसी दिन मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने इस्तीफा दे दिया। अगले दिन ट्रस्ट ने कहा- 11 जुलाई को होने वाली बैठक में इस पर फैसला लिया जाएगा।

# ग्रामीण सफाई कर्मी संघ का सर्वसम्मति से राजकुमार को ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** । उत्तर प्रदेश ग्रामीण सफाई कर्मी संघ की ब्लॉक कार्यकारिणी के गठन को लेकर आयोजित चुनाव कार्यक्रम में सर्वसम्मति से राजकुमार को ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया। उनके निर्विरोध चुने जाने पर उपस्थित सफाई कर्मियों ने फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं।



ब्लॉक परिसर में उत्तर प्रदेश सफाई कर्मी संघ का चुनाव कार्यक्रम जिला मंत्री संतराम सिंह की उपस्थिति में आयोजित किया गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सहमति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें राजकुमार को ब्लॉक अध्यक्ष, अतर सिंह कुशवाहा को ब्लॉक मंत्री, अशोक कुमार को कोषाध्यक्ष, ज्ञान प्रसाद को संगठन मंत्री और ब्रजेश कुमार को संप्रेक्षक चुना गया। नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि संगठन ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा और उनके अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने की दिशा में सभी साथियों को साथ लेकर कार्य किया जाएगा। जिला मंत्री संतराम सिंह ने कहा कि संगठन की मजबूती आपसी एकता और अनुशासन से ही संभव है। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा जताई कि वे सफाई कर्मियों की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन हमेशा कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करता रहेगा और शासन और प्रशासन के समक्ष उनकी जायज मांगों को मजबूती से उठाया जाएगा। अंत में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इस मौके पर मोहम्मद तारिक, पंकज चौरसिया, विजय कुमार, मलखान, बलराम, रामकिशन, कृष्ण कुमार, नीरज, विपिन, धर्मेंद्र, विनोद आदि रहे।

# कालपी छोड़ गई यमुना नदी को घाटों पर वापस लाने हेतु सौंपा ज्ञापन

## श्रद्धालुओ व अधिवक्ताओं ने एसडीएम से भेंट कर दी जानकारी

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** धर्मनगरी कालपी में स्थित यमुना नदी के तट स्थित घाटों के संरक्षण एवं घाटों तक यमुना मैया की जल धारा को पुन:लाने की मांग को लेकर श्रद्धालुओं तथा अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी अमित शेखर को ज्ञापन सौंपते हुए समस्या का समाधान करने की मांग उठाई है।

सोमवार को तहसील कालपी कार्यालय में एडवोकेट देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव एवं श्रद्धालुओं ने एसडीएम को राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन देते हुए अवगत कराया हैं कि यमुना मैया कालपी धरोहर है। मां यमुना का कालपी में होना हम सभी के लिए एक वरदान है। यमुना नदी के किनारे हमारे प्राचीन धार्मिक घाट किला घाट, बिहारी घाट, पीताम्बर घाट स्थित है। तीर्थ क्षेत्र तथा आसपास के लाखों श्रद्धालु प्रमुख धार्मिक तिथियों पर इन घाटों पर स्नान पूजा अर्चना करते हैं। उन्होंने आगे बताया कि बाई घाट देखरेख के अभाव में विलुप्त होने के कगार पर है। सीढ़ियां टूट चुकी है घाट पूरा क्षतिग्रस्त है। पीतांबर घाट अति क्षतिग्रस्त है। यह घाट मां वनखंडी देवी शक्ति पीठ के पूज्य महंत यमुनादास महाराज एवं पूज्य ऋषभ देव महाराज की प्रेरणा एवं संरक्षण संचालित है। प्रत्येक एकादशी तिथि पर सैकड़ो सनातनी मां यमुना की आरती में सम्मिलित होते हैं। किला घाट सबसे प्रमुख ऐतिहासिक घाट है। वर्तमान में यमुना मैया की जलधारा इस घाट से लगभग 300 मीटर दूर चली गई है। श्रद्धालुओं का स्नान करना मुश्किल हो गया है। प्रदेश सरकार पुरातन संस्कृति एवं धरोहरों के संरक्षण हेतु प्रतिबद्ध है तथा समय-समय पर दिशा निर्देश जारी करती रहती है। ज्ञापन में उन्होंने मांग उठाई है कि कालपी के किला घाट, बिहारी घाट, पीतांबर घाट, बाई घाट समेत सभी घाटों का तत्काल जीर्णोद्धार कराया जाए। बिहारी घाट व किला घाट में यमुना मैया के जलधार को चैनेलाइज कर पुन: घाटों से जोड़ा जाए। घाटों की समुचित देखरेख एवं साफ सफाई हेतु स्थाई व्यवस्था एवं स्पष्ट दिशा निर्देश की जारी किए जाएं। अपनी संस्कृति एवं धरोहरों की रक्षा करना हम सभी की नैतिक दायित्व है। ज्ञापन को देने में सम्मिलित श्रद्धालुओं में भगवान दास खटीक, अफजल गुड्डू, सौरभ तिवारी, संतोष कुमार, लालू यादव, राकेश द्विवेदी, राजेश यादव आदि लोग शामिल रहे।

# चाकू और तमँचा सहित दो संदिग्ध गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में बाइक से घूम रहे दो संदिग्ध युवकों को रोककर पुलिस ने जब उनकी तलाशी ली तो पुलिस ने एक युवक के पास से एक चाकू व दूसरे युवक के पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद किए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया है।

छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी आलोक पाल अपनी टीम में राहुल सिंह, सौरभ शाक्य और जितेंद्र सिंह के साथ बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के समीप संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान दुर्गा माता मंदिर सुढ़ार-सालाबाद मोड़ के पास रात करीब साढ़े 11 बजे एक बाइक पर सवार दो युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोककर पूछताछ की तो वह हड़बड़ा गए। तलाशी लेने पर पुलिस ने रेंढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम खकसीस निवासी प्रियांशु के पास से एक चाकू एवं देव शिवहरे के पास से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया।

# कुसमरा में तालाब के सौंदर्यीकरण और मार्ग को पक्का कराने की मांग

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** ग्राम कुसमरा में तालाब के सौंदर्यीकरण और मुख्य सड़क से गांव और जूनियर स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र तक जाने वाले मार्ग को पक्का कराने की मांग को लेकर ग्रामीण ने एसडीएम को शिकायती पत्र दिया है। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम कुसमरा निवासी नितेन्द्र सिंह ने एसडीएम रिंकू सिंह राही को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में स्थित खसरा संख्या 206 का तालाब लंबे समय से उपेक्षित है। तालाब का सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार नहीं होने से उसकी उपयोगिता लगातार कम होती जा रही है। यदि तालाब का सौंदर्यीकरण कराया जाए तो इससे जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और गांव की सुंदरता भी बढ़ेगी। बताया कि मुख्य सड़क से गांव तक आने वाला मार्ग, जूनियर हाईस्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र तक जाने वाला रास्ता जर्जर है। बरसात के दौरान इस मार्ग पर कीचड़ और जलभराव हो जाता है, जिससे ग्रामीणों, महिलाओं और स्कूली बच्चों को परेशानी होती है। खासतौर पर छोटे बच्चों को स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंचने में मुश्किल होती है। मांग करते हुए कहा कि बरसात का मौसम शुरू होने से पहले सड़क का निर्माण करा दिया जाए। ताकि बारिश के मौसम में ग्रामीणों को परेशान न होना पड़े।.

# पुलिस ने 20 क्वार्टर अवैध देशी शराब के साथ युवक को पकड़ा

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** सर्किल के क्षेत्राधिकारी राजेश कमल के निर्देश पर कालपी तहसील क्षेत्र के ग्राम छोटी नादई में इलाकाई पुलिस टीम के द्वारा एक व्यक्ति को 20 क्वार्टर देसी अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर चालान कर दिया किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चुरखी थाना क्षेत्र के उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार हमराही सिपाही नीरज कुमार थ मोटरसाइकिल से रवाना होकर जयरामपुर में कस्तूरबा तिराहा चुर्खी में मौजूद थे ।तभी मुखबिर से सूचना मिली की एक व्यक्ति अवैध शराब लिए चुर्खी नियामतपुर रोड पर ग्राम छोटी नादई तिराहा के पास खड़ा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम मुखबिर के बताए हुए स्थान पर पहुंचे। तो छोटी नादई मोड़ से करीब 100 मीटर पहले मोटरसाइकिल को रोक कर मुखबिर ने इशारे से बताया कि सामने जो व्यक्ति खड़ा है वही वह व्यक्ति है। पुलिस टीम को अचानक आता देख वह व्यक्ति सकपकाया तो पुलिस टीम के द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये आरोपी व्यक्ति अखिलेश पुत्र बालक राम निवासी ग्राम गोरा कलां थाना चुर्खी से हाथ में लिए झोला मिला। जिसे खोलकर पुलिस टीम ने देखा तो उसमें 20 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद हुई ।पुलिस टीम के द्वारा आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट की धारा 60 के अंतर्गत कार्रवाई कर चालान कर दिया गया है।

# प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से समाजसेवी ने दो कूलर किये भेंट

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** । भीषण गर्मी के बीच प्राथमिक विद्यालय भदवां के बच्चों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से समाजसेवी नरेंद्र दुबे ने विद्यालय को दो कूलर भेंट किए। कूलर मिलने से विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को गर्मी से काफी राहत मिलेगी और उन्हें बेहतर वातावरण में पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा।



विद्यालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी नरेंद्र दुबे ने कूलर विद्यालय प्रशासन को सौंपे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। गर्मी के मौसम में छोटे बच्चों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है, ऐसे में विद्यालय में कूलर की व्यवस्था होने से उन्हें राहत मिलेगी और उनका ध्यान पढ़ाई पर केंद्रित रहेगा। प्रधानाध्यापक अखिलेश रजक ने समाजसेवी नरेंद्र दुबे का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के हित में किया गया यह सहयोग सराहनीय है। इससे छात्र-छात्राओं को गर्मी से राहत मिलेगी और विद्यालय का शैक्षणिक माहौल भी बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को शिक्षा के क्षेत्र में इसी प्रकार सहयोग के लिए आगे आना चाहिए। कूलर मिलने पर बच्चों और अभिभावकों ने भी खुशी जताई। विद्यालय परिवार ने समाजसेवी नरेंद्र दुबे के इस योगदान की प्रशंसा करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर नीरज राजपूत, सुनीता देवी, सुमन द्विवेदी, कांति, एकता श्रीवास्तव सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# विभाग ने जाम पाइप लाइनों को ठीक करने का अभियान चलाकर पेयजल आपूर्ति दुरस्त की

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई** ।भीषण गर्मी तथा गिरते जलस्तर से बार बार आ रहे पेयजल सप्लाई के व्यवधान से निपटने के लिए जल संस्थान के अवरअभियंता बासित अली की अगुवाई में सोमवार को नगरीय क्षेत्र कालपी में अभियान चलाया गया। एक नलकूप के पुराने मोटर को नया समरसेबल मोटर स्थापित किया गया वहीं दर्जन भर अलग-अलग स्थानों में पाइप लाइन को ठीक करने से आपूर्ति व्यवस्था पटरी पर लौट आई है।



मालूम हो कि स्थानीय नगर के मोहल्लों बड़ा बाजार,सदर बाजार भट्टीपुरा आदि के

कंई घरों में पेयजलापूर्ति का संकट बना हुआ था। जलसंस्थान के अवर अभियंता बासित अली ने मौके पर पहुंच कर जायजा लिया तथा जाम पाइप लाइन को ठीक करके जलापूर्ति सुचारू रूप से शुरू करा दी गई। फलस्वरूप नागरिकों को राहत महसूस की है। इसी दौरान कई मुहल्लों में भी जाम पाइप लाइन को ठीक करने का काम किया है। अवर अभियंता ने बताया कि रामलीला मैदान में स्थापित नलकूप नंबर 9 में एक अतिरिक्त पाइप डलवाया गया है। क्योंकि जल स्तर गिर जाने से आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। इसी नलकूप में पुराने मोटर को हटा कर 30 एचपी का नया समरसेबल मोटर लगाया गया है ।उन्होंने कहा कि सुचारू तरीके से जलापूर्ति शुरू होने लगी है।

# कोचिंग संस्थानों के लिए विकास प्राधिकरण में हेल्प डेस्क स्थापित

## निर्धारित मानकों की पूर्ति कर आवश्यक प्रपत्र जमा करें संचालक, सक्षम प्राधिकारी द्वारा नियमानुसार संचालन की अनुमति पर विचार किया जाएगा

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** विद्यार्थियों की सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुपालन तथा कोचिंग संस्थानों में आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई के बाद अब उरई विकास प्राधिकरण ने संस्थानों को नियमानुसार संचालन के लिए हेल्प डेस्क स्थापित की है। सचिव उरई विकास प्राधिकरण परमानंद यादव ने बताया कि इस संबंध में विकास प्राधिकरण कार्यालय में विशेष हेल्प डेस्क स्थापित की गई है, जहां सीज किए गए कोचिंग संस्थानों के संचालक एवं भवन स्वामी आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत कर अपनी कमियों का निराकरण करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान जिन कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा एवं अन्य अनिवार्य मानकों का पालन नहीं पाया गया, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई थी। अब ऐसे संस्थानों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करें। सचिव ने स्पष्ट किया कि संस्थानों को अग्निशमन विभाग का अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी), पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षित प्रवेश एवं निकास (एंट्री-एग्जिट), बैठने की समुचित व्यवस्था तथा अन्य निर्धारित सुरक्षा एवं भवन संबंधी मानकों से जुड़े आवश्यक प्रपत्र हेल्प डेस्क पर जमा करने होंगे। सभी अभिलेखों एवं व्यवस्थाओं की जांच के उपरांत नियमानुसार आगे की कार्रवाई करते हुए सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने सभी कोचिंग संचालकों एवं भवन स्वामियों से अपील की कि निर्धारित समयावधि के भीतर आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर लें, जिससे विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं मानकानुसार शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके तथा भविष्य में किसी प्रकार की प्रशासनिक कार्रवाई की आवश्यकता न पड़े।

# 30 जून की मध्य रात्रि से तीन माह के लिए नदियों से बंद होगा बालू खनन

## प्रशासन ने तैयार किए पुख्ता इंतजाम

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** शासन के निर्देशानुसार 30 जून की मध्य रात्रि से कालपी तहसील क्षेत्र के यमुना तथा बेतवा नदियों में बालू खनन पर तीन माह के लिए रोक लग जाएगी। इसके चलते कालपी तहसील क्षेत्र की यमुना एवं बेतवा नदियों में 1 जुलाई से 30 सितंबर तक बालू का खनन पूरी तरह बंद रहेगा। स्थानीय प्रशासन के द्वारा इसके लिए पुख्ता तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

जबकि खनन कार्य बंद होने से पहले कारोबारियों ने सम्भावित मांग को देखते हुए कंदौला,जोल्हूपुर,इटौरा खदि खेतों के बड़े बड़े खाली स्थानों पर बालू का डम्प भंडारण कर दिया है ।उल्लेखनीय हो कि प्रत्येक वर्ष बरसात के मौसम में पर्यावरण संरक्षण एवं सुरक्षा कारणों से नदियों में बालू खनन पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया जाता है। इस वर्ष भी 30 जून की मध्य रात्रि से यह प्रतिबंध प्रभावी हो जाएगा। इसके चलते क्षेत्र के सभी स्वीकृत बालू घाटों पर खनन गतिविधियां पूरी तरह बंद हो जायेंगे ।खनन बंद होने की सूचना के बाद बालू कारोबारियों ने गोदामों और निर्धारित स्टॉक यार्डों में पर्याप्त मात्रा में बालू का भंडारण कर लिया है, ताकि प्रतिबंध अवधि में निर्माण कार्यों के लिए आपूर्ति बनी रहे। यमुना नदी के तरीबुल्दा, हीरापुर, वालू खनन ठेकेदार अभी से तैयार हो गये हैं। जबकि वेतवा वालू खनन के रोक के पहले दिन भर आपाधापी मची रही। प्रतिबंध अवधि के दौरान नदियों से अवैध खनन एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के लिए पहले से ही प्रशासन, एआरटीओ,राजस्व, खनन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें लगातार निगरानी रखना शुरू कर दिया है ।ताकि शासन के आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जा सके। प्रतिबंधित अवधि के दौरान वालू खनन की आनलाइन रायल्टी प्रपत्र निकलना भी बंद हो जाते हैं।

# जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रशिक्षार्थी अभिषेक का हुआ सम्मान

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कालपी के प्रशिक्षार्थी अभिषेक कुमार पाण्डेय पुत्र रामतीर्थ पांडेय फिटर द्वितीय वर्ष ने सीआईटीसी प्रवेश परीक्षा 2026 में 98% अंक पाकर संस्थान का नाम रोशन किया है। सोमवार को संस्थान के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में आईटीआई के प्राचार्य डॉ श्रवण कुमार शुक्ला तथा कर्मचारियों ने होनहार प्रशिक्षार्थी अभिषेक पाण्डेय को प्रशस्ति पत्र तथा पुष्प माला पहना करके सम्मान किया है। प्राचार्य श्रवण कुमार शुक्ला के मुताबिक प्रशिक्षार्थी अभिषेक पाण्डेय ने जनपद जालौन में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य तथा कर्मचारियों ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अभिषेक पाण्डेय की लगनशीलता की सराहना कर हौसला अफजाई की है



# छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती पर बुन्देलखंड कुर्मी कल्याण समिति द्वारा मेधावी छात्रो को किया गया सम्मानित





( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोल्हापुर के नरेश छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती के अवसर पर बुंदेलखंड कुर्मी कल्याण समिति जालौन द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मेधावी प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया ।सरस्वती विद्या मंदिर मंडी में आयोजित किए गए कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के जिलाध्यक्ष अशोक पटेल सदूपुरा ने की ।समिति के संस्थापक केंद्रीय अध्यक्ष शिवशंकर पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ।वही विशिष्ट अतिथि के रूप में माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन, एमएलसी प्रतिनिधि आरपी निरंजन, सुरेश निरंजन भैयाजी, भाकियू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बलराम सिंह लंबरदार आदि मौजूद रहे ।सर्वप्रथम अतिथियों ने शाहूजी के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की जिसके बाद आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बालिका परिधि और शिवी पटेल ने ध्वज गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में समिति के केंद्रीय अध्यक्ष शिवशंकर पटेल ने कहा कि शाहूजी महाराज को सामाजिक न्याय का जनक और पिछड़े शोषित समाज के उद्धारक के रूप में जाना जाता है। हम सभी को उनके बताए गए रास्तों पर चलकर सामाजिक कुरीतियों को छोड़कर शिक्षा के क्षेत्र और समाजसेवा में आगे आना होगा तभी शाहूजी महाराज के सपनों को साकार किया जा सकेगा। विधायक मूलचंद्र निरंजन सहित अन्य अतिथियों ने भी अपने संबोधन में कहा कि समाज की प्रगति शिक्षा और एक दूसरे का सहयोग किए जाने पर ही संभव है, बुंदेलखंड कुर्मी कल्याण समिति समाज को जागृत करने का जो कार्य कर रही है वह प्रशंसनीय और सराहनीय है। अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन मनोहर पटेल ने किया। कार्यक्रम में समिति के जिला महामंत्री शैलेन्द्र निरंजन भदवां, महिला शाखा की जिलाध्यक्ष विटोली देवी, महामंत्री कुसुम निरंजन, भगवान सिंह संटे, आनंद पटेल बोहरा, अरविंद निरंजन बसोव, प्रो वीरेंद्र सिंह, शिवराम निरंजन कैंथी, शारदा प्रसाद, शिवप्रसाद निरंजन, रामप्रकाश पड़री, लाखन सिंह चांदनी, संतकुमार, बब्बूराजा नरी, अभिषेक निरंजन, उपवन सिंह, प्रदीप धनौरा, हिमांशु निरंजन बिरगुवां, लक्ष्मी नारायण, महेंद्र भाटिया, नरेश निरंजन, प्रदीप दिरावटी, गौरी चबोर, विकास पटेल धनौरा, धर्मजीत सिंह, लालजी पटेल चांदनी, रामबाबू नरी, प्रेमचंद्र, सुधीर कुमार, अतुल कुमार, संदीप निरंजन सैरा, शिक्षक गौरव निरंजन, संजय निरंजन, पदम सिंह, संगीता पटेल किशुनपुरा, अरुणा निरंजन सहित सैंकड़ों की संख्या में कुर्मी समाज के लोग मौजूद रहे।

# व्यापारी समाज राष्ट्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़, दानवीर भामाशाह का आदर्श आज भी प्रेरणास्रोत-जनप्रतिनिधि

## व्यापारी कल्याण दिवस पर उत्कृष्ट करदाताओं का हुआ सम्मान, जनप्रतिनिधियों ने व्यापारियों के योगदान को किया नमन

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में व्यापारी कल्याण दिवस गरिमापूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में व्यापारी एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दानवीर भामाशाह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। वक्ताओं ने उनके त्याग, राष्ट्रभक्ति एवं समाजसेवा के आदर्शों को स्मरण करते हुए कहा कि भामाशाह का जीवन केवल व्यापार तक सीमित नहीं था, बल्कि राष्ट्र निर्माण और जनकल्याण के प्रति समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है।

इस अवसर पर वित्तीय वर्ष के दौरान सर्वाधिक कर जमा करने वाले जनपद के बालाजी एंटरप्राइजेज के दीपक गुप्ता आदि व्यापारियों ने कर जमा कर जनपद के विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यापारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने कहा कि ईमानदारी से कर अदा करने वाले व्यापारी विकास की आधारशिला को मजबूत करते हैं और ऐसे सम्मान से अन्य व्यापारियों को भी प्रेरणा मिलेगी। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि व्यापारिक समुदाय केवल आर्थिक गतिविधियों का संचालन ही नहीं करता, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन में भी सदैव अग्रणी रहता है। उन्होंने कहा कि दानवीर भामाशाह का जीवन उदारता, राष्ट्रभक्ति और लोककल्याण की अमूल्य प्रेरणा देता है, जिसे प्रत्येक पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि कोरोना महामारी जैसे कठिन दौर में व्यापारियों ने अपने आसपास के जरूरतमंद परिवारों की सहायता कर मानवता की मिसाल प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि संकट की घड़ी में जिस प्रकार व्यापारियों ने भोजन, दवाइयों और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर समाज का साथ दिया, वह दानवीर भामाशाह की परंपरा का जीवंत उदाहरण है। ऐसे व्यापारी समाज के वास्तविक सेवक हैं। कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि व्यापार और सेवा का संबंध सदैव समाज के विकास से जुड़ा रहा है। उन्होंने व्यापारियों से पारदर्शी व्यापार, समय पर कर भुगतान तथा सामाजिक सरोकारों में सक्रिय भागीदारी बनाए रखने का आह्वान किया और कहा कि समृद्ध व्यापारी समाज ही आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि व्यापारी वर्ग जनपद की आर्थिक प्रगति का महत्वपूर्ण भागीदार है। उन्होंने उत्कृष्ट करदाताओं को बधाई देते हुए कहा कि कर राजस्व से ही सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं को गति मिलती है।

उन्होंने व्यापारियों से शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने तथा जनहित के कार्यों में सक्रिय सहयोग बनाए रखने की अपील की।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित व्यापारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा शासन द्वारा व्यापारिक हितों में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजीव राज, अपर पुलिस अधीक्षक ईशान सोनी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार आदि सहित बड़ी संख्या में व्यापारी जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

शीर्षकः

# उपजिलाधिकारी की कार्यशैली से नाराज लेखपालों ने सामूहिक अवकाश की चेतावनी, जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )



**उरई/जालौन।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ, शाखा जालौन के पदाधिकारियों एवं तहसील कर्मचारियों ने उपजिलाधिकारी की कार्यप्रणाली पर गंभीर नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उपजिलाधिकारी के व्यवहार को कर्मचारियों के प्रति अमानवीय बताते हुए चेतावनी दी गई कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो सभी कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर जाने को विवश होंगे।

ज्ञापन में कहा गया है कि तहसील कर्मचारी वर्षों से शासन की योजनाओं, जनशिकायतों के निस्तारण, आपदा प्रबंधन, चुनाव और अन्य राजस्व कार्यों का पूरी निष्ठा और लगन से निर्वहन करते आए हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि वर्तमान उपजिलाधिकारी का व्यवहार कर्मचारियों के प्रति अपमानजनक है, जिससे कर्मचारियों में तनाव और भय का माहौल बना हुआ है। लेखपाल संघ ने आरोप लगाया कि उपजिलाधिकारी द्वारा कई बार कर्मचारियों को जनता के बीच फटकार लगाकर अपमानित किया गया तथा उनकी समस्याओं को सुनने और समाधान करने के बजाय उन्हें अनदेखा किया गया। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि जनगणना कार्य के दौरान एक राजस्व निरीक्षक को बिना कारण बार-बार बर्खास्तगी की धमकी दी गई तथा एक अन्य कर्मचारी के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया। संघ ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए कर्मचारियों के सम्मान और गरिमा की रक्षा करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो तहसील कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर जाने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।इस मौके पर प्रमुख रूप से लेखपाल संघ के प्रदेशीय मंत्री अमित पाल के नेतृत्व में प्रभा राजपूत, सुधा अग्रवाल, देवकुमारी, नन्दरानी सिंह, ओम कुमार, नेत्री, सुखेन्द्र सिंह, इन्द्रजीत सिंह, बागाबे शुक्ला, प्रभा मिश्रा, सीधी भास्कर, मानसी गुप्ता, विद्या अवस्थी, रंजना सिंह, उपेन्द्र मिश्रा, यादव, भगवान प्रसाद, रतन सिंह, शिवम तिवारी, उमेश कुमार, विश्वजीत सिंह, बाबूलाल, विवेकानंद,, हरेन्द्र कुमार सिंह दर्जनों लेखपाल मौजूद रहे।

# कोचिंग सेंटर सीज हो जाने से बिलबिला उठे संचालक, डीएम से उठाई कोचिंगों को खोलने की मांग

### -कार्रवाई के बाद प्रभावित हुए कोचिंग संस्थानों के संचालक पहुंचे कलेक्ट्रेट

### -सुरक्षा मानकों का पालन करने का दिया आश्वासन, संचालन की अनुमति मांगी

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** शहर में संचालित कोचिंग सेंटरों पर हाल ही में हुई प्रशासनिक कार्रवाई के विरोध में सोमवार को दर्जनों कोचिंग सेंटर संचालक कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सील किए गए संस्थानों को दोबारा संचालित करने की अनुमति देने की मांग की।

ज्ञापन में संचालकों ने कहा कि लखनऊ में एक कोचिंग सेंटर में आग लगने की दुखद घटना के बाद शासन के निर्देश पर जनपद में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में अभियान चलाकर सुरक्षा मानकों की जांच की गई थी। इस दौरान शहर के लगभग एक दर्जन कोचिंग सेंटरों को आवश्यक मानकों की कमी पाए जाने पर सील कर दिया गया था। कोचिंग संचालकों का कहना था कि अचानक की गई कार्रवाई से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। साथ ही बड़ी संख्या में छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने प्रशासन को आश्वस्त किया कि सभी संस्थान अग्निशमन, भवन सुरक्षा और शासन द्वारा निर्धारित अन्य सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करेंगे तथा आवश्यक व्यवस्थाएं शीघ्र पूरी कर ली जाएंगी। संचालकों ने जिलाधिकारी से मांग की कि जिन कमियों को दूर किया जा सकता है, उन्हें पूरा करने का अवसर दिया जाए और निर्धारित मानकों के अनुरूप जांच के बाद कोचिंग सेंटरों का संचालन पुनः शुरू कराने की अनुमति प्रदान की जाए। जिलाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि शासन के दिशा-निर्देशों एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप मामले का परीक्षण किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि छात्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी आवश्यक मानकों का पालन सुनिश्चित होने के बाद ही नियमानुसार निर्णय लिया जाएगा।

# युवती की बरामदगी और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग, डीएम व एसपी से लगाई गुहार

( यंग भारत न्यूज )



**उरई (जालौन)।** कोतवाली उरई क्षेत्र के कुकरगांव निवासी श्रीपाल उर्फ पप्पू ने पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अपनी पुत्री की सकुशल बरामदगी तथा आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

प्रार्थना पत्र के अनुसार, उनकी पुत्री को गांव के ही एक युवक पंकज पाल अपने साथ ले गया है। इस संबंध में कोतवाली उरई में मुकदमा संख्या 348/2026 धारा 87 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपी पक्ष लगातार मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहा है तथा परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि युवती को भगाने में कुछ अन्य लोगों ने भी सहयोग किया। पीड़ित का कहना है कि उसकी पुत्री ने सोशल मीडिया के माध्यम से घरवालों से संपर्क कर अपनी जान का खतरा बताया है और जल्द बचाने की गुहार लगाई है। प्रार्थी ने पुलिस पर भी सहयोग न मिलने का आरोप लगाते हुए कहा है कि विवेचक द्वारा युवती की बरामदगी के लिए प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कोई अप्रिय घटना हो सकती है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर युवती की शीघ्र बरामदगी कराने, विवेचना में तेजी लाने तथा घटना में सहयोग करने वाले सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई कराने की मांग की है।

# सदगुरु कबीर साहेब के जन्म दिवस के मौके पर उरई नगर में निकली भव्य शोभा यात्रा और हुई कबीर गोष्ठी

( यंग भारत न्यूज )



आज दिनांक 29 जून दिन सोमवार को सदगुरु कबीर मानव सेवा समिति के तत्वाधान में कबीर चौराहा राठ रोड ओवर ब्रिज के नीचे गांधीनगर उरई से सदगुरु कबीर साहब के जन्म दिवस के मौके पर नगर वासियों ने भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया जिसमें सजी हुई बग़घियों चार पहिया तथा तीन पहिया वाहन जिन पर बनी भव्य झांकियां और सैकड़ो की संख्या में कबीर अनुयाई पैदल कबीर साहब का जय घोष कर कबीर साहब को याद करते हुए कदम ताल मिलाकर आगे बढ़ रहे थे शोभा यात्रा का जगह-जगह पर पुष्प वर्षा मिष्ठान बिस्किट शरबत पानी तथा ठंडा के द्वारा स्वागत किया गया, राठ रोड पर कोरी चबूतरा विकास ट्रस्ट के साथियों, और राजीव सरदार ज़ी, मच्छर चौराहे पर रामदास फल वाले और राघवेंद्र वर्मा ज़ी ब्लू हैवन पब्लिक स्कूल के द्वारा अम्बेडकर चौराहे पर टीम बदलाव के साथियों द्वारा बम्बी रोड पर होरीलाल मास्टर साहब के द्वारा समोसा बिस्किट और शरबत पानी तथा ठंडा कोरी कुटिया, पुष्पांजलि गेस्ट हाउस पर सरवत वितरण का इंतजाम किया गया, कबीर चौराहे पर संतोष कोरी जीनू के द्वारा सरवत पानी की व्यवस्था की गई!

शोभायात्रा कोरी कुटिया स्टेशन रोड होते हुए कबीर चौराहे पर आकर गोष्ठी के रूप में बदल गई गोष्ठी मे रामदास साहेब बम्होरी कलां, रामसनेही दास कोंच आश्रम श्री श्री 108 महंत हरिदास साहेब कबीर आश्रम कोंच निर्मल दास साहेब बागी आश्रम, लाल दास साहब रामनगर आश्रम, जयरामदास साहब कोच दीवान गद्दी, सरमन दास साहब रामनगर आदि संतों एवं श्रीमान बाबू रामाधीन ज़ी ने सदगुरु कबीर के बारे में जानकारी दी और सदगुरु कबीर के वचनों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी आये हुए सभी अनुयायियों और कार्यक्रम में सहयोग करने वालों का धन्यवाद आभार प्रमोद उसरगांव द्वारा किया गया कार्यक्रम का सफल संचालन संतोष शायकवार ज़ी के द्वारा किया गया! कार्यक्रम में -: विनोद वर्मा ऐर संस्थापक अध्यक्ष कोरी चबूतरा विकास ट्रस्ट, मोतीलाल वर्मा पूर्व सभासद गांधीनगर, रामदास वर्मा, नरेश वर्मा रौनक हैंडलूम, दिनेश वर्मा, गोविंद वर्मा प्रभारी प्रधानाध्यापक जीआईसी बंगरा, बालक राम वर्मा, बृजेंद्र मोहन वर्मा, शिव प्रसाद वर्मा, श्रद्धानंद सिंह, डॉ धर्मेंद्र वर्मा, धर्मेंद्र सिंह, विजय वर्मा, हिरदेश वर्मा कृष्णकांत वर्मा, अमित वर्मा, राजकुमार वर्मा, द्वारका प्रसाद, लालमन वर्मा, राजकुमार वर्मा लॅच्छी इलेक्ट्रॉनिक, चरसोनिया जी झांसी, कामता प्रसाद वर्मा अनिल वर्मा, डॉ अंशुल वर्मा गोविंद आचार्य जी, घनश्याम सायकवार, मधु अनुरागी चौधरी श्याम सुंदर रेहान सिद्दीकी मोइनुद्दीन मिर्जा, पप्पू टेलर, रेखा वर्मा, राम प्रकाश वर्मा मुखिया, चंद्रशेखर लौना, शैलेंद्र वर्मा सुरेश वर्मा, अनिल वर्मा, अंशुल धुराट, आशीष राज वर्मा, आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे

# सड़क दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित उपचार दिलाने के लिए पुलिस अधिकारियों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

### पीएम रत्न, ईडीएआर एवं आईआरएडी प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर, प्रत्येक दुर्घटना का समयबद्ध डिजिटल पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को समय पर कैशलेस उपचार उपलब्ध कराने तथा दुर्घटना संबंधी सूचनाओं के डिजिटल प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में जनपद के समस्त थानों के विवेचकों, कंप्यूटर ऑपरेटरों एवं नामित पुलिस कर्मियों के लिए पीएम रत्न कैशलेस योजना, ईडीएआर पोर्टल एवं आईआरएडी मोबाइल ऐप के संचालन एवं उपयोग संबंधी प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। यह प्रशिक्षण जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यशाला में क्षेत्राधिकारी यातायात राजीव कुमार शर्मा तथा प्रभारी यातायात वीर बहादुर सिंह अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। तकनीकी प्रशिक्षण अपर सूचना विज्ञान अधिकारी पंकज कुमार, आईआरएडी मैनेजर प्रवीण कुमार एवं तकनीकी सहायक मेहेर प्रकाश (एनआईसी, जालौन) द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सड़क दुर्घटना के प्रत्येक प्रकरण में ईडीएआर पोर्टल पर समयबद्ध रूप से पीड़ित का विवरण दर्ज करने, विक्टिम आईडी तैयार करने, पीएम रत्न कैशलेस योजना के अंतर्गत पात्र घायलों को शीघ्र लाभ उपलब्ध कराने तथा आईआरएडी मोबाइल ऐप के माध्यम से दुर्घटना संबंधी सूचनाओं की सटीक एवं त्वरित फीडिंग की विस्तृत जानकारी दी गई।कार्यशाला में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि सड़क दुर्घटना के मामलों में विभिन्न विभागों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित कर शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र पीड़ित को समय पर उपचार एवं अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए। साथ ही सड़क सुरक्षा से संबंधित शासन के सभी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण के समापन पर अधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों से कहा कि प्रत्येक सड़क दुर्घटना प्रकरण में निर्धारित मानकों एवं समय-सीमा का पूर्ण पालन करते हुए ईडीएआर एवं आईआरएडी प्रणाली का प्रभावी उपयोग करें, ताकि दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित चिकित्सा सहायता, कैशलेस उपचार का लाभ तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं बिना विलंब उपलब्ध कराई जा सकें।

# कोल्ड स्टोरेज में गंभीर खामियों को लेकर उत्पन्न हुआ विवाद अब तूल पकड़ता जा रहा है

### ब्लॉक प्रमुख रामराजा और जॉइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह के बीच जांच को लेकर हुआ विवाद अब एडीएम वित्त के पाले में

( यंग भारत न्यूज )



**उरई (जालौन)।** भाजपा नेता और कोल्ड स्टोरेज के संचालक रामराजा निरंजन ने छापे के दौरान जॉइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह द्वारा अभद्रता करने और थप्पड़ मारने का प्रयास करने के आरोप लगाते हुए आज पत्रकारों को अपना पक्ष रखते हुए खुद को ईमानदार बताया और कहा कि उनके और उनके स्टाफ के साथ आईएएस रिंकू सिंह द्वारा छापे के दौरान अभद्रता किये जाने का आरोप लगाया

वहीं उल्लेखनीय है कि गतदिवस रामराजा निरंजन के कोल्ड स्टोरेज पर रिंकू सिंह के नेतृत्व में कई अधिकारियों के दल ने छापा मारा था। छापे के दौरान जांच दल को कोल्ड स्टोरेज में गंभीर खामियां पकड़ में आई । जिनको बाकायदा रिपोर्ट बनाकर जिलाधिकारी राजेश पांडेय और शासन को भी भेज दिया गया बस इसी के बाद से ब्लॉक प्रमुख ने डीएम से शिकायत की और अपने और स्टाफ के साथ रिंकू सिंह द्वारा अभद्रता करने का आरोप लगाया। जिस पर विद्वान जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण प्रकरण की जांच जिले के अपर जिलाधिकारी वित्त को सौंप कर जांच रिपोर्ट मांगी है। अब देखना ये होगा कि एडीएम अपनी जांच रिपोर्ट में क्या निष्कर्ष देते हैं, उसी के अनुसार आगे की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज कोल्ड स्टोरेज संचालक रामराजा ने पत्रकारों को बुलाकर अपनी स्थिति स्पष्ट की और छापे के दौरान की गई वीडियो ग्राफी के फोटेज भी पत्रकारों को सौंपे।

# स्टेशन रोड में पिज्जा दुकान पर खाद्य सुरक्षा विभाग का छापा

### खाद्य पदार्थों के कई नमूने जांच के लिए भेजे गए

( यंग भारत न्यूज )



**उरई (जालौन)।** शहर में खाद्य सुरक्षा को लेकर प्रशासन एक बार फिर सख्त नजर आ रहा है। रविवार को एक युवक की शिकायत पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने शहर के स्टेशन रोड स्थित एक पिज्जा दुकान पर छापेमारी की। इस कार्रवाई से स्थानीय व्यापारियों में हड़कंप मच गया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद दुबे के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेश प्रसाद यादव और खाद्य सहायक रमेश कुमार की टीम ने डोमिनोज इंट्रोड्यूसिंग पिज्जा नामक प्रतिष्ठान पर पहुंचकर जांच की। इस दौरान टीम ने पनीर टिक्का स्टफ समेत कई खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र किए और उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया। अधिकारियों ने बताया कि यह दुकान गोपालगंज उरई निवासी शिफ्ट मैनेजर अचला गुप्ता द्वारा संचालित की जा रही है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि पिज्जा में दुर्गंध आ रही थी, जिसके बाद विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर जांच की। टीम ने शिकायतकर्ता को भी मौके पर बुलाकर स्थिति की जानकारी ली और आवश्यक नमूने उसके सामने ही लिए गए। जांच के दौरान अधिकारियों ने दुकान के दस्तावेजों और लाइसेंस की भी पड़ताल की। प्रारंभिक निरीक्षण में कुछ खामियों की आशंका जताई जा रही है। हालांकि अंतिम निर्णय प्रयोगशाला रिपोर्ट आने के बाद ही लिया जाएगा। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद दुबे ने बताया कि यदि जांच रिपोर्ट में खाद्य पदार्थ मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाते हैं या कोई आपत्तिजनक तथ्य सामने आता है तो संबंधित संचालक के खिलाफ कड़ी विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद शहर में खाद्य प्रतिष्ठानों को साफ-सफाई और गुणवत्ता बनाए रखने की सख्त चेतावनी दी गई है। विभाग ने आम जनता से भी अपील की है कि किसी भी प्रकार की खाद्य गड़बड़ी की सूचना तुरंत प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# व्यापारी कल्याण दिवस पर उत्कृष्ट करदाताओं का हुआ सम्मान

## जनप्रतिनिधियों ने व्यापारियों के योगदान को किया नमन

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में व्यापारी कल्याण दिवस गरिमापूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सदर विधायक, कालपी विधायक जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में व्यापारी एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दानवीर भामाशाह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। वक्ताओं ने उनके त्याग, राष्ट्रभक्ति एवं समाजसेवा के आदर्शों को स्मरण करते हुए कहा कि भामाशाह का जीवन केवल व्यापार तक सीमित नहीं था, बल्कि राष्ट्र निर्माण और जनकल्याण के प्रति समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है।




इस अवसर पर वित्तीय वर्ष के दौरान सर्वाधिक कर जमा करने वाले जनपद के बालाजी एंटरप्राइजेज के दीपक गुप्ता आदि व्यापारियों ने कर जमा कर जनपद के विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यापारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने कहा कि ईमानदारी से कर अदा करने वाले व्यापारी विकास की आधारशिला को मजबूत करते हैं और ऐसे सम्मान से अन्य व्यापारियों को भी प्रेरणा मिलेगी। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि दानवीर भामाशाह का जीवन उदारता, राष्ट्रभक्ति और लोककल्याण की अमूल्य प्रेरणा देता है, जिसे प्रत्येक पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है। सदर विधायक ने कहा कि कोरोना महामारी जैसे कठिन दौर में व्यापारियों ने अपने आसपास के जरूरतमंद परिवारों की सहायता कर मानवता की मिसाल प्रस्तुत की। कालपी विधायक ने कहा कि व्यापार और सेवा का संबंध सदैव समाज के विकास से जुड़ा रहा है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि व्यापारी वर्ग जनपद की आर्थिक प्रगति का महत्वपूर्ण भागीदार है। उन्होंने उत्कृष्ट करदाताओं को बधाई देते हुए कहा कि कर राजस्व से ही सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं को गति मिलती है। उन्होंने व्यापारियों से शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने तथा जनहित के कार्यों में सक्रिय सहयोग बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित व्यापारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा शासन द्वारा व्यापारिक हितों में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजीव राज, अपर पुलिस अधीक्षक ईशान सोनी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार आदि सहित बड़ी संख्या में व्यापारी जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# कुपोषण मुक्त जनपद के लक्ष्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं, सभी विभाग परिणाम आधारित कार्य करें - जिलाधिकारी

## -पोषण ट्रैकर, टीएचआर वितरण, होम विजिट एवं गंभीर कुपोषित बच्चों के प्रबंधन पर विशेष जोर

( यंग भारत न्यूज )




उरई। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति एवं कन्वर्जेंस विभागों की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि कुपोषण की रोकथाम एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी प्रत्येक योजना का शत-प्रतिशत लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि पोषण अभियान केवल एक विभाग का कार्यक्रम नहीं, बल्कि सभी विभागों के समन्वित प्रयासों से संचालित होने वाला जनकल्याण अभियान है, इसलिए प्रत्येक अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का गंभीरता से निर्वहन सुनिश्चित करें। बैठक में संभव 6.0 अभियान, पोषण ट्रैकर की प्रगति, टीएचआर वितरण, होम विजिट, गंभीर कुपोषित (ररू) एवं मध्यम कुपोषित (ररू) बच्चों की पहचान, उपचार एवं फॉलोअप सहित विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों द्वारा पोषण ट्रैकर पर लाभार्थियों का शत-प्रतिशत सत्यापन एवं समय पर डेटा फीडिंग सुनिश्चित की जाए। गृह भ्रमण, वजन एवं लंबाई मापन, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की नियमित निगरानी तथा छह वर्ष तक के बच्चों की पोषण स्थिति का सतत मूल्यांकन किया जाए। जिन परियोजनाओं में प्रगति अपेक्षाकृत कम है, वहां विशेष अभियान चलाकर सुधार लाया जाए तथा प्रत्येक परियोजना की नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग तथा अन्य सहयोगी विभागों को निर्देशित किया कि गंभीर कुपोषित बच्चों की समयबद्ध पहचान, उपचार, आवश्यक औषधियों की उपलब्धता, टीकाकरण, रेफरल सेवाओं एवं फॉलोअप में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। ग्राम पंचायतों में जनजागरूकता कार्यक्रम, पोषण पंचायत, सामुदायिक सहभागिता एवं व्यवहार परिवर्तन गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाया जाए, ताकि कुपोषण के विरुद्ध जनआंदोलन का स्वरूप विकसित हो सके। बैठक में टेक होम राशन (ञ।क्र) वितरण की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों को समय पर गुणवत्तापूर्ण पूरक पोषाहार उपलब्ध कराया जाए तथा वितरण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की बाधा या विलंब पाए जाने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले इस कार्यक्रम में लक्ष्य आधारित कार्यप्रणाली अपनाते हुए प्रत्येक विभाग बेहतर परिणाम सुनिश्चित करे।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एच एन प्रसाद, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, जिला विकास अधिकारी प्रशान्त पाण्डेय, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, जिला कार्यक्रम अधिकारी आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# फर्राटा भर रही कार का अचानक फैट गया टायर, चालक की मौत, दो घायल

( यंग भारत न्यूज )

**उरई** । उरई-जालौन मार्ग पर सोमवार दोपहर भिटारा ग्राम पंचायत के पास इंडियन पेट्रोल पंप के सामने एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार का आगे का टायर अचानक फटने से वाहन अनियंत्रित होकर कई बार पलट गया। हादसे में कार चालक की मौत हो गई, जबकि कार में सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुजरात नंबर GJ-16 AP 0407 की कार उरई से जालौन की ओर जा रही थी। भिटारा के समीप पहुंचते ही कार का अगला टायर फट गया, जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। अनियंत्रित कार चार से पांच बार पलटते हुए सड़क किनारे जा गिरी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जालौन पहुंचाया। चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद चालक इमरान खां पुत्र छोटे खां, निवासी मोहल्ला नया खंडेराव, जालौन को मृत घोषित कर दिया। वहीं, कार में सवार अन्य दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण कार का आगे का टायर फटना माना जा रहा है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अपना दल (एस) की जनसुनवाई में उठीं बिजली-पानी की समस्याएं, दर्जनों ने थामी पार्टी की सदस्यता

## 15 शिकायतों पर जिलाध्यक्ष ने अधिकारियों को लिखा पत्र, फोन पर भी दिए निस्तारण के निर्देश

( यंग भारत न्यूज )

**उरई, जालौन।** अपना दल (एस) के जिला कार्यालय पर सोमवार को साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए लोगों ने बिजली, पेयजल, सड़क और राजस्व संबंधी समस्याएं रखीं। जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी ने शिकायतें सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।



जनसुनवाई के दौरान कुल 15 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाध्यक्ष ने मौके से ही संबंधित विभागों के अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। साथ ही सभी मामलों के संबंध में संबंधित विभागों को लिखित पत्र भी भेजे गए।कार्यक्रम के दौरान अपना दल (एस) की नीतियों से प्रभावित होकर दर्जनों स्थानीय नागरिकों और युवाओं ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता अभियान उरई विधानसभा अध्यक्ष ब्रजेश सधारा के नेतृत्व में चलाया गया। पार्टी में शामिल हुए नए सदस्यों का जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी एवं अन्य पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर विधानसभा महासचिव रामबाबू कुशवाहा, आईटी मंच जिलाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, जिला सचिव आशीष बजाज, गोलू सिंह उर्फ लोकेन्द्र, जितेंद्र सिंह परिहार सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# सख्त मिजाजी के लिए विख्यात एआरटीओ सोम्या पाण्डेय ने पुनः दिए स्कूल संचालकों को सुधर जाने के निर्देश

## एआरटीओ ने स्कूल प्रबंधनों को चेताया, फिटनेस, बीमा और परमिट तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश

( यंग भारत न्यूज )

**उरई,जालौन** । जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग सख्त हो गया है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) सौम्या पाण्डेय ने सभी विद्यालय संचालकों, प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि जिन स्कूली वाहनों की फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र अथवा परमिट की वैधता समाप्त हो चुकी है, उन्हें तत्काल दुरुस्त कराया जाए। मार्ग जांच के दौरान अनफिट, ओवरलोड अथवा मानकविहीन वाहन मिलने पर उनका पंजीयन निलंबित करने के साथ वाहन स्वामी एवं विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार निर्धारित आयु सीमा से अधिक पुराने स्कूली वाहनों का संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित है। ऐसे वाहनों के परमिट निरस्त कराए जाएंगे। यदि कोई पुराना स्कूल वाहन सड़क पर संचालित मिलता है तो उसे तत्काल सीज कर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। एआरटीओ ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी विद्यालय द्वारा निजी मैजिक, वैन या ऑटो-रिक्शा से बच्चों का परिवहन नहीं कराया जाएगा। चेकिंग के दौरान ऐसा पाए जाने पर संबंधित वाहन को सीज कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि बच्चों को स्कूल भेजने से पहले वाहन की स्थिति और सुरक्षा मानकों की जानकारी अवश्य लें। स्कूल बसों और वैन में अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, स्पीड गवर्नर, आपातकालीन निकास, सीट बेल्ट, स्कूल का नाम तथा संबंधित अधिकारियों, चालक और परिचालक के मोबाइल नंबर अंकित होना अनिवार्य है।



# माहिल तालाब में मिला शव मुन्ना लाल बाथम का निकला

## पुलिस सभी पहलुओं पर कर रही है जांच

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जालौन जनपद के उरई कोतवाली क्षेत्र स्थित माहिल तालाब में सोमवार सुबह एक बुजुर्ग का शव उतराता मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकलवाकर उसकी शिनाख्त उरई निवासी मुन्ना लाल बाथम के रूप में कराई और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



जानकारी के अनुसार, मुन्ना लाल बाथम रविवार सुबह रोजाना की तरह घर से दूध लेने के लिए निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। काफी तलाश के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं लगा तो परिजनों ने उरई कोतवाली में उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई। सोमवार सुबह करीब आठ बजे स्थानीय लोगों ने माहिल तालाब में एक शव उतराता देखा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। परिजनों ने शव की पहचान मुन्ना लाल बाथम के रूप में की, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। मामले की जांच की जा रही है।

# एसपी ने थाना कुठौन्द का आकस्मिक निरीक्षण किया

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा थाना कुठौन्द का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । इस दौरान थाना कार्यालय के अभिलेखों व एचएस इंडेक्स, मिशन शक्ति केंद्र, महिला/साइबर हेल्प डेस्क, हवालात, मालखाना का अवलोकन कर अभिलेखों के रखरखाव/अध्यावधिक, लंबित विवेचनाओं का समय से निस्तारण, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, थाना परिसर की साफ-सफाई इत्यादि के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिये गये।



# परिवार परामर्श केंद्र निरंतर कर रहा है शानदार काम, टीम ने 09 परिवारों के समझौते कराकर बिखरने से बचाया

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** महिला परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा वैचारिक मतभेद की वजह से टूटने वाले परिवार के विवादों को निरन्तर सुना जा रहा है। इन विवादों में महिला पुलिस अधिकारी व अन्य नामित सदस्यों द्वारा पति/पत्नी एवं अन्य परिजनो के मध्य उपजे विवाद में उनकी काउंसलिंग की गयी, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी । आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़ों को एक-दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर पारिवारिक दायित्वों का सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी ।



# मेडिकल कॉलेज परिसर की जर्जर सड़क के बहुरेंगे दिन , निर्माण कार्य शुरू

## प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह ने किया भूमि पूजन, गुणवत्ता से समझौता न करने की हिदायत

( यंग भारत न्यूज )

**उरई,जालौन** । राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई परिसर में वर्षों से जर्जर पड़ी सड़क के निर्माण कार्य का सोमवार को शुभारंभ हो गया। प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह ने विधि-विधान से भूमि पूजन कर निर्माण कार्य शुरू कराया। सड़क खराब होने से मरीजों, तीमारदारों, चिकित्सकों और कर्मचारियों को लंबे समय से आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। शासन के निर्देश पर शुरू हुए इस निर्माण कार्य की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल को दी गई है। निर्माण कार्य काशी कंस्ट्रक्शन के प्रोपराइटर दीपक झा के द्वारा कराया जा रहा है। भूमि पूजन के बाद प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह ने निर्माण कार्य का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप ही पूरा कराया जाए। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रशांत निरंजन, चिकित्सालय प्रशासक डॉ. चरक सांगवान ,यूपी पीसीएल के जेई संदीप सिंहसहित मेडिकल कॉलेज के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



# 5 दिन 30 से ज्यादा मर्द.अलग-अलग होटलों में 13 साल की लड़की के साथ गैंगरेप, रिक्शा चालक ने होटल मालिक को बेचा

( यंग भारत न्यूज )

जयपुर। राजस्थान के श्री गंगानगर में 13 साल की एक लड़की के साथ कथित तौर पर 30 से ज्यादा पुरुषों ने पांच दिनों तक रेप किया. कहा जा रहा है कि यौन उत्पीड़न की ये घटनाएं कई होटलों में हुईं.

पुलिस की एफआईआर के मुताबिक, पीड़िता की मुसीबत तब शुरू हुई जब वह अपने घर से गायब हो गई और बाद में एक रिक्शा चालक ने उसे एक होटल मालिक को बेच दिया. नाबालिग के कथित यौन शोषण में शामिल होने के आरोप में कई अन्य होटल संचालकों पर भी आरोप हैं. कथित तौर पर इस आपराधिक घटना को दबाने की कोशिश भी की गई थी.

इस मामले में कई होटल मालिकों और मैनेजरों को गिरफ्तार किया गया है. एफआईआर में लड़की ने दावा किया है कि बार-बार रेप से होने वाले दर्द के दौरान उसे जबरन शराब पिलाई जाती थी. इस कथित घटना से पूरे जिले में आक्रोश फैल गया है. हालांकि यह कोई मशहूर टूरिस्ट डेस्टिनेशन नहीं है, फिर भी श्री गंगानगर में 150 से ज्यादा अवैध होटल चल रहे हैं. इस घटना के बाद ऐसे प्रतिष्ठानों को बंद करने की मांग उठ रही है. कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन करते हुए रिक्शा चालक और होटल संचालकों समेत सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की. इस पूरे मामले पर महिला उत्पीड़न मामलों की सेल के प्रभारी और जांच अधिकारी आरपीएस कैलाशदान देथा का बयान सामने आया है. जिसमें उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि लड़की रात करीब 10:30 बजे श्रीगंगानगर पहुंची और रामबाबू नाम के ई-रिक्शा चालक से उसे घर छोड़ने को कहा. पुलिस का आरोप है कि चालक उसे घर ले जाने के बजाय होटल जॉय इन ले गया. जांचकर्ताओं का दावा है कि इसके बाद उसे कई होटलों में ले जाया गया और अगले कुछ दिनों तक उसका बार-बार यौन शोषण किया गया. एफआईआर और पुलिस के बयानों के अनुसार, आरोपियों ने होटल परिसर का इस्तेमाल करके इस शोषण को अंजाम दिया. जांचकर्ता इन आरोपों की भी जांच कर रहे हैं कि शोषण के दौरान नाबालिग को शराब दी गई थी. पुलिस ने बताया कि एक युवक कथित तौर पर लड़की को एक होटल से दूसरे होटल ले गया. शुरुआत में जांच के दौरान तीन होटलों के नाम सामने आए थे; हालांकि, पुलिस ने अब बीरबल चौक के पास 'ड्रीम' नाम से चल रहे चौथे होटल की पहचान की है. करणपुर से कांग्रेस विधायक रूपिंदर सिंह कुन्नर ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया




और कहा कि दोषियों को मौत की सजा मिलनी चाहिए. इसके अलावा, विपक्षी पार्टी ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर मामले में तुरंत कार्रवाई नहीं की गई तो न्याय सुनिश्चित करने के लिए बड़ा आंदोलन किया जाएगा. उन्होंने संबंधित पुलिस स्टेशन के अधिकारियों को सस्पेंड करने की भी मांग की है. कुन्नर ने कहा कि इस कथित घटना ने स्थानीय पुलिस और प्रशासन की विफलता को उजागर कर दिया है.

# पुणे रेप-मर्डर केस: 4 साल की बच्ची से दरिंदगी करने वाले 65 साल के भीमराव को फांसी की सजा

( यंग भारत न्यूज )

**महाराष्ट्र।** पुणे में 4 साल की बच्ची के साथ दरिंदगी करने वाले को भीमराव कांबले को कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है. रिकॉर्ड 59 दिनों में इस दिल दहला देने वाली घटना के दोषी को सजा सुनाई गई. 1 मई को पुणे के नसरापुर गांव में भीमराव कांबले ने 4 साल की बच्ची को कुछ खाने का सामान देकर बाड़े में ले जाकर उसके साथ दरिंदगी की थी. इस मामले में आज पुणे की अदालत ने पॉक्सो की तीन धाराओं के तहत आरोपी को फांसी की सजा सुनाई. 65 साल के भीमराव कांबले पर अपहरण, बलात्कार, छेड़छाड़ और हत्या सहित कुल सात मामले दर्ज थे. दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने 137 पन्नों का अंतिम फैसला तैयार किया.



इस मामले में आरोपी के खिलाफ सभी 7 आरोप पूरी तरह से साबित हो चुके थे. 65 वर्षीय आरोपी भीमराव प्रभाकर कांबले ने अपना जुर्म कबूल कर लिया था. इस मामले में अंतिम 26 जून को पुणे की विशेष अदालत ने आरोपी को दोषी करार दिया था. न्यायालय ने अपने निर्णय को तय करने के लिए देश के पूर्व न्यायिक मामलों का आधार लिया है, जिनमें बलात्कार और अमानवीय हत्या जैसे जघन्य अपराधों के लिए पहले भी दोषियों को फांसी की सजा दी जा चुकी है. घटना एक मई को शाम तीन बजे से चार बजे के बीच हुई थी.

आरोप है कि कांबले पुणे जिले के नसरापुर गांव में बच्ची को खाने की चीजें दिलाने और मवेशी का बच्चा (बछड़ा) दिखाने का झांसा देकर अपने साथ ले गया था. वह उसे मवेशियों के बाड़े के पास एक शेड में ले गया, जहां उसने बच्ची का यौन शोषण किया और फिर उसका मुंह दबाकर व छाती पर गंभीर चोटें पहुंचाकर उसकी हत्या कर दी थी.

# बंद पड़े लॉज में चल रहा था देह व्यापार, आपत्तिजनक हालत में मिले युवक-युवतियां; बरामद सामग्री से पुलिस के उड़े होश

( यंग भारत न्यूज )

रायपुर। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में एक बड़े सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है. जानकारी सामने आ रही है कि शहर के इंदिरा मार्केट में स्थित बंद पड़े जलाराम लॉज की आड़ में देह व्यापार का धंधा संचालित किया जा रहा था.

गुप्त सूचना के आधार पर सिटी कोतवाली पुलिस और एसीसी की संयुक्त टीम ने छापेमारी की. ऑपरेशन के दौरान लॉज में 3 युवतियों और 2 युवकों को आपत्तिजनक हालत में देखा गया. इसके अलावा, मौके से भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामान जब्त करने की भी जानकारी सामने आ रही है. पुलिस के अनुसार, 28 जून की शाम को एक मुखबिर से सूचना मिली थी कि इंदिरा मार्केट स्थित जलाराम लॉज में अवैध वेश्यावृत्ति का रैकेट चल रहा था. मुखबिर की सूचना के आधार पर सिटी पुलिस और एसीसी की संयुक्त टीम ने लॉज पर यौजनाबद्ध तरीके से छापा मारा. बताया जा रहा है कि यह सेक्स रैकेट उस लॉज की आड़ में चलाया जा रहा था जो कागजों पर बंद था. हालांकि यह जानकारी भी सामने आई है कि उस जगह




पर फिलहाल एक आइसक्रीम पार्लर चलाया जा रहा था. छापेमारी के दौरान पुलिस को 2 युवक और 3 युवतियां आपत्तिजनक हालत में मिले. लॉज का प्रबंधन करने वाला व्यक्ति भी मौके पर मौजूद था. पुलिस ने जांच के दौरान लगभग 20 हजार रुपये की नकदी, 4 मोबाइल फोन, कंडोम के 80 पैकेट और अन्य आपत्तिजनक सामान जब्त किए. पुलिस ने अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम की धाराओं 3, 4, 5 और 7 के तहत मामला दर्ज किया है और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इस पूरे मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विजय गुजराती, नारायण देशमुख और तमाशा कुमार साहू के रूप में हुई है. शुरुआती जांच से पता चला है कि आरोपी अवैध रूप से पैसे कमाने के लिए लॉज की आड़ में वेश्यावृत्ति का रैकेट चला रहे थे. पुलिस इस मामले से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है. इस मामले के सामने आने के बाद दुर्ग पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि अगर उनके आसपास किसी भी तरह की अनैतिक या गैर-कानूनी गतिविधि हो रही हो तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें. सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

# राम मंदिर के चोरों को नहीं मिलेगा कोई वकील! अयोध्या बार एसोसिएशन का बड़ा ऐलान, केस लड़ा तो भुगतना होगा अंजाम

( यंग भारत न्यूज )




**अयोध्या।** प्रदेश के अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरी मामले को लेकर जनता में गुस्सा भरा हुआ है। यही गुस्सा और आक्रोश अब वकीलों में भी देखा गया है। एसआईटी ने चढ़ावा चोरी मामले में 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। इन आरोपियों का केस लड़ने के लिए अब कोई वकील सामने नहीं आ रहा है। राम मंदिर के चोरों को नहीं मिलेगा कोई वकील! अयोध्या बार एसोसिएशन का बड़ा ऐलान, केस लड़ा तो भुगतना होगा अंजाम फैजाबाद एडवोकेट्स एसोसिशन ने आरोपियों को सजा दिलाने के लिए मुहीम छेड़ दी है। वकीलों ने ऐलान कर दिया है कि शहर का कोई भी वकील राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में फंसे आरोपियों का केस नहीं लड़ेगा। साथ ही उन्होंने ऐलान कर दिया है कि अगर किसी ने आरोपियों का केस लड़ा तो उसे गंभीर अंजाम भुगतने होंगे।


अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी कथित हेराफेरी के मामले को लेकर फैजाबाद एडवोकेट्स एसोसिएशन की आज बैठक हुई। राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में अयोध्या बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्रा ने कहा, 'इस मामले में कोई भी वकील आरोपी का पक्ष नहीं रखेगा और अगर कोई ऐसा करता है, तो उस पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।'

# राम मंदिर दान प्रकरण पर सियासत तेज: मौलाना ने बताया 'आस्था की लूट', इकबाल अंसारी ने योगी सरकार की कार्रवाई का किया समर्थन

( यंग भारत न्यूज )

**अयोध्या** स्थित राम मंदिर के दान प्रकरण को लेकर ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी ने कहा है कि यह यह चंदा चोरी नहीं, बल्कि हिंदुओं की आस्था की लूट है। उन्होंने कहा कि हिंदुओं ने जितना भी चंदा दिया, वह आस्था के नाम पर दिया था।वहीं, पूर्व पक्षकार इकबाल अंसारी ने इस प्रकरण में सरकार का बचाव किया है और कार्रवाई को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की। मौलाना साजिद रशीदी ने कहा, 'विश्व हिंदू परिषद पर रथ यात्रा के समय 1,400 रुपए करोड़ के घोटाले के आरोप भी लगे थे और चंपत राय का नाम उन आरोपों से जुड़ा था।

कुछ लोगों का कहना है कि राम मंदिर आंदोलन के लिए असल में लड़ने वालों को किनारे कर दिया गया, एक नया ट्रस्ट बनाया गया और चंपत राय को डायरेक्टर बना दिया गया। आज, विश्व हिंदू परिषद के साथ-साथ कई हिंदू धर्मगुरु चंपत राय के बचाव में सामने आए हैं।' मौलाना साजिद रशीदी ने बोला, 'साध्वी ऋतंभरा ने कहा है कि चंदन के पेड़ों पर भी सांप



लिपटे हो सकते हैं, जिसका मतलब है कि चंपत राय एक नेक और ईमानदार व्यक्ति हैं। हालांकि, अगर मेरे अपने घर में चोरी होती है, तो मुझे ही जिम्मेदार ठहराया जाएगा। जब चंपत राय की मंजूरी के बिना वहां पत्ता भी नहीं हिल सकता था, तो उनकी जानकारी के बिना हजारों करोड़ की चोरी कैसे हो सकती है वे कहते हैं कि कैमरे काम नहीं कर रहे थे, पैसे गिनने में गलतियां हुईं और एक जगह से दूसरी जगह ले जाने में गड़बड़ियां हुईं। उन्होंने आगे कहा, 'ये लोग (भाजपा) कहते हैं कि बाबर ने आकर हिंदुस्तान को लूटा। मेरा कहना यह है कि बाबर ने एक ही बार हिंदुस्तान को लूटा होगी और वो लूट के बाद सामान देश के बाहर लेकर नहीं गया, बल्कि इन लोगों ने खुद कई बार देश को लूटा है और हिंदुओं की आस्था को भी लूटा है। यह चंदा चोरी नहीं, बल्कि हिंदुओं की आस्था की लूट है। हिंदुओं ने जितना भी चंदा दिया, वह आस्था के नाम पर दिया था। इसलिए आस्था की लूट पैसे की लूट से कहीं अधिक खतरनाक होती है। पूर्व पक्षकार इकबाल अंसारी ने कहा, 'अयोध्या भगवान राम का शहर है। यह सभी की आस्था का केंद्र है। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, सभी ईश्वर में विश्वास रखते हैं और हम भी भगवान राम में विश्वास रखते हैं। भगवान राम के मंदिर में चोरी हुई थी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया था कि चोरी के लिए जिम्मेदार लोगों को पकड़ा जाए। अब उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है और मामले की जांच चल रही है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि मुख्यमंत्री ने सुनिश्चित किया कि उनके निर्देशों का पालन हो। मुख्यमंत्री ऐसा होना चाहिए जो अपनी बात पर अमल करे और सच सामने लाए।' इकबाल अंसारी ने कहा कि जिन लोगों ने दान पर हाथ साफ किया, वे उसका दंड झेल रहे हैं और जेल में हैं। उन्होंने कहा, 'आगे भी कार्रवाई होती रहेगी। जितने भी लोगों ने धोखा किया है, चुन-चुनकर उनकी गिरफ्तारियां हो रही हैं। यह बिल्कुल सही है और इसके लिए हम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देते हैं।' वहीं, सीपीएम के महासचिव एमए बेबी ने कहा, 'हमें कृष्ण जन्मभूमि या राम जन्मभूमि को लेकर झगड़ा नहीं करना चाहिए। जो लोग राम, कृष्ण या किसी भी अन्य देवता, ईसा मसीह, अल्लाह या भगवान बुद्ध में आस्था रखते हैं, उन्हें उनकी पूजा-अर्चना करने की आजादी होनी चाहिए।' उन्होंने कहा कि मुख्य मुद्दा यह है कि अयोध्या में राम मंदिर के नाम पर भारी लूट-खसोट हो रही है और यह सब वे लोग कर रहे हैं जो समिति का नेतृत्व कर रहे हैं। ये लोग भाजपा और आरएसएस से जुड़े हैं। इसलिए योगी आदित्यनाथ को लोगों को यह बताना चाहिए कि क्या वे सभी लुटेरों को पकड़ पा रहे हैं, या फिर असली लुटेरों को बचाया जा रहा है और केवल कुछ लोगों को बलि का बकरा बनाया जा रहा है। उन्हें इसी बात का स्पष्टीकरण देना होगा।

# छत्तीसगढ़ के इस गांव में 4 महीने तक होती रहीं 8 रहस्यमयी मौतें, 'भगवान का प्रकोप' समझते रहे लोग, फिर खुला सीरियल किलिंग का खौफनाक राज

( यंग भारत न्यूज )

भाटापारा (छत्तीसगढ़)। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के खरवे गांव में चार महीने के दौरान हुई आठ रहस्यमयी मौतों ने पूरे इलाके को दहला दिया। गांव के लोग इन मौतों को भगवान का प्रकोप या प्राकृतिक मौत मानते रहे, लेकिन पुलिस जांच में सामने आया कि यह एक के बाद एक की गई सुनियोजित हत्याएं थीं। मामले में गांव के ही किराना दुकानदार रामसहाय जायसवाल को गिरफ्तार किया गया है, जिस पर आठ लोगों की हत्या और एक व्यक्ति की हत्या की कोशिश का आरोप है।



जांच के मुताबिक पहली मौत 7 फरवरी को 58 वर्षीय बद्री पटेल की हुई थी। वह शाम को रामसहाय जायसवाल के साथ शराब पीकर घर लौटे थे। कुछ घंटे बाद उनकी तबीयत बिगड़ी और उनकी मौत हो गई। इसके बाद अगले चार महीनों में गांव के अलग-अलग लोगों की इसी तरह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होती रही। किसी की तबीयत अचानक बिगड़ी, किसी को उल्टी-दस्त हुए और कुछ ही समय में उनकी जान चली गई। कई मामलों में परिवार वालों और डॉक्टरों ने इसे सामान्य बीमारी या प्राकृतिक मौत मान लिया, इसलिए किसी को भी हत्या का संदेह नहीं हुआ। पुलिस के अनुसार आरोपी अपने परिचित लोगों को घर बुलाकर शराब पिलाता था और उसमें सुहागानामक जहरीला रसायन मिला देता था। जहरीली शराब पीने के एक-दो दिन के भीतर पीड़ितों की मौत हो जाती थी। आरोपी बाद में खुद पीड़ित परिवारों की मदद करता, अस्पताल ले जाने में साथ रहता और अंतिम संस्कार में भी शामिल होता था, जिससे किसी को उस पर शक नहीं हुआ। मामले का खुलासा तब हुआ जब आरोपी का नौवां शिकार उसकी जहरीली शराब पीने के बाद भी बच गया। उसने पुलिस को पूरी घटना बताई, जिसके बाद सभी पुरानी मौतों की कड़ियां जोड़ी गईं। जांच में सामने आया कि आठों मृतकों की मौत से पहले वे रामसहाय के साथ शराब पी चुके थे। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जहां उसने कई हत्याओं की बात कबूल कर ली। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने अलग-अलग लोगों से निजी रंजिश के कारण उन्हें निशाना बनाया। किसी से जमीन का विवाद था, किसी पर कर्ज का मामला था, किसी ने कथित तौर पर उसका अपमान किया था तो किसी पर उसकी पत्नी को लेकर शक था। इन छोटी-छोटी दुश्मनियों का बदला लेने के लिए उसने हत्या का रास्ता चुना। पुलिस अब सभी मौतों की फोरेंसिक जांच करा रही है और मामले में आगे की जांच जारी है।

# घरवापसी की चाह, अपने मजहब से नफरत... मुहर्रम में जहर क्यों बांट रहा था फैयाज पुराने वीडियो से खुले राज

( यंग भारत न्यूज )

मुंबई के मुहर्रम जुलूस में जहर वाले कैप्सूल बांटने का मामला इन दिनों लगातार चर्चा में बना है. जहर वाले कैप्सूल बांटने वाला फैयाज प्रेमजी यदि अपने मकसद में कामयाब हो जाता तो मुंबई में हाहाकार मच जाता.

फैयाज 15 हजार लोगों को जहर वाले कैप्सूल देने की फिराक में था. फैयाज ने ऐसी खतरनाक साजिश क्यों रची इस पर लगातार खुलासे हो रहे हैं. अब फैयाज का एक चार साल पुराना पॉडकास्ट वीडियो चर्चा में है. जिससे यह खुलासा हुआ है कि फैयाज का अपने ही मजहब से नफरत हो चुका था. वह हिंदू धर्म में घरवापसी की चाहत रखता था. इस वीडियो के सामने आने के बाद अब यह सवाल उठने लगा है कि क्या वह धर्म से मोहभंग होने के बाद क्या समाज से बदला लेना चाहता था फैयाज के इस 4 साल पुराने वीडियो में शिया समाज से जुड़े कई विवादित दावे किए. फैयाज यह कहता दिख रहा है कि शिया लिबरल नहीं, सत्ता मिलने पर आक्रांता बन जाएंगे. फैयाज प्रेमजी इस्लाम धर्म में व्याप्त कई अंधविश्वासों को दूर करना चाहता था. उसे अपने ही समुदाय के लोगों से भारी नाराजगी थी. इसके लिए उसने कई आंदोलन किए और लोगों को समझाने का काफी प्रयास किया था. किसी ने उसकी बात नहीं मानी, जिसकी वजह से फैयाज प्रेमजी नास्तिक हो गया था. करीब चार साल पुराने एक इंटरव्यू/पॉडकास्ट (होस्ट नीरज अत्री) में प्रेमजी ने दावा किया था कि वह धर्म में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास कर रहा है. इस लाइव चर्चा में गेस्ट बना फैयाज प्रेमजी शिया और सुन्नी मुसलमानों के बीच के वैचारिक अंतर और गैर-मुस्लिमों के प्रति उनके दृष्टिकोण पर बात कर रहा है. फैयाज दावा कर रहा है कि भारत में शिया लोग जो लिबरल या धर्मनिरपेक्ष दिखाई देते हैं, वह केवल उनकी कम आबादी अल्पसंख्यक होने के कारण है. यदि कल को उनके पास राजनीतिक शक्ति आ जाए, तो उनका व्यवहार भी ऐतिहासिक आक्रांताओं या कट्टरपंथियों जैसा ही होगा! फैयाज खुद 'खोजा शिया' समुदाय से आता है. उसने बताया कि इस समुदाय के पूर्वज हिंदू थे और आज भी इनमें हिंदू परंपराएं देखने को मिलती हैं. वीडियो में सुझाव देते हुए कहता है कि अगर हिंदू संगठन प्रयास करें, तो इस समुदाय के लोगों की हिंदू धर्म में 'घर वापसी' सबसे आसानी से हो सकती है क्योंकि वे सुन्नियों और शियाओं के



अंदरुनी झगड़ों से परेशान हैं और हिंदुओं से डरते भी हैं. वीडियो में फैयाज जियो पॉलिटिक्स पर बात करते हुए कहता है कि भारत को तेल के लिए मध्य-पूर्व के देशों ईरान, इराक आदि पर पूरी तरह निर्भर नहीं रहना चाहिए. इसके बजाय भारत को अपनी सुरक्षा और रणनीतिक मजबूती के लिए इजरायल, अमेरिका और रूस के साथ अपने संबंधों को और अधिक मजबूत करना चाहिए. अपने निजी अनुभव भी साझा करते हुए कहता है कि कैसे धर्म में तार्किक सवाल पूछने, अंधविश्वासों का विरोध करने या आलोचना करने पर व्यक्ति को समुदाय के भीतर से भारी विरोध, बहिष्कार और जान के खतरे का सामना करना पड़ता है. तीन साल पुराने दूसरे पॉडकास्ट वीडियो (होस्ट मधु किश्वर) में फैयाज खुद को एक पूर्व-शिया और ईरान में रहने वाला एक व्यवसायी बताता है और वही बातें दोहराता है कि शिया सुन्नियों से ज्यादा उदार नहीं हैं. कहता है कि भारत में शिया का जो शांत और जरा धर्मनिरपेक्ष चेहरा दिखता है, वह केवल उनके अल्पसंख्यक होने के कारण है. अगर उनके पास सत्ता या ताकत आ जाए, तो वे भी सुन्नियों की तरह ही व्यवहार करेंगे. वीडियो में फैयाज दावा करता हैं कि शियाओं के धार्मिक नियमों के अनुसार हिंदू काफिर 'नजिस' अछूत माने जाते हैं. कहता है, एक सुन्नी मुसलमान हिंदू के हाथ का खाना खा लेगा, लेकिन एक कट्टर शिया हिंदू का छुआ हुआ खाना नहीं खाएगा. उनका मानना है कि शिया शारीरिक संपर्क से बचते हैं और यदि गलती से कोई हिंदू उन्हें छू ले, तो वे हाथ धोते हैं. वीडियो में फैयाज दावा करता है कि कट्टर शिया विचारधारा के अनुसार, हिंदुओं को खून या अंग दान नहीं करना चाहिए, क्योंकि उनका मानना है कि वह हिंदू ठीक होने के बाद मूर्ति पूजा करेगा, जिससे वे भी पाप के भागीदार बनेंगे. मजबूरी में हिंदू का खून ले सकते हैं, लेकिन मुसलमान का ही लेना प्राथमिकता है. फैयाज ने आरोप लगाया कि भारत के कई शहरों मुंबई, पुणे, हैदराबाद, गुजरात आदि में शिया समुदाय के बीच लेबनान के आतंकी संगठन 'हिजबुल्लाह' का सॉफ्ट प्रभाव है. बच्चों को खेल-कूद के बहाने बुलाकर हिजबुल्लाह की विचारधारा पढ़ाई जाती है. फैयाज के ये दोनों वीडियो के चर्चा में आने के बाद पुलिस जांच की दिशा बदलने की बात कही जा रही है. पुलिस अब इस जांच में जुटी है कि क्या इसी गुस्से की वजह से उसने इस वारदात को अंजाम देने की कोशिश की, या फिर कोई अंतरराष्ट्रीय ताकतें उसे ऐसा करने के लिए उकसा रही थीं पुलिस इस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है.

# पीएनबी शाखा बंगरा के केसीसी की होगी जांच, 04 सदस्यीय कमेटी गठित

- डीएम का फोकस कम सीडी रेशियो वाले बैंकों पर, माइक्रोप्लान के साथ आरएम भी रहेंगे उपस्थित
- अब बैंकों को विभिन्न शासकीय योजनान्तर्गत आवेदन निरस्त करने की देनी होगी जानकारी:- डी0एम0
- पीएनबी, सीबीआई, एसबीआई सहित 05 बैंकों का सीडी रेशियो कम होने पर जिलाधिकारी ने की नाराजगी व्यक्त, बढ़ाए जाने के दिए निर्देश
- मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम-युवा) योजना



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** नवीन सभागार कलेक्ट्रेट में बैंकों की जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने कहा कि बैंकर्स प्रदेश सहित जनपद के विकास में शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें। केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्ण सहयोग दें। उन्होंने सरकार द्वारा आमजन के लिए संचालित लाभहित योजनाओं में बरती जा रही शिथिलता पर नाराजगी व्यक्त की और योजनाओं में बैंकों की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए फटकार लगाई, उन्होंने बैंक अधिकारियों को किसानों/आमजन व लाभार्थियों के प्रति संवेदनशील होकर कार्य करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने बैंकर्स द्वारा शासन द्वारा संचालित विभिन्न लाभकारी योजनाओं के आवेदनों को अनावश्यक रूप से निरस्त करने पर कठोर आपत्ति व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि बैंकों में प्राप्त आवेदन पत्रों को निरस्त किए जाने के कारणों की जानकारी देनी होगी, यदि अनावश्यक रूप से आवेदन पत्र को निरस्त किया जाता है तो शासन को कार्रवाई हेतु संस्तुति की जाएगी। समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने उपस्थित बैंकर्स को ताकीद करते हुए कहा की आवेदनों को अनावश्यक रूप से लंबित रखने पर भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने 50% से कम सीडी रेशियो वाली बैंक जिसमें पंजाब नेशनल बैंक,सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक सहित अन्य बैंक शामिल हैं, सभी को फटकार लगाते हुए अपने सीडी रेशियो में सुधार लाए जाने के निर्देश दिए, उन्होंने माइक्रोप्लान तैयार कर उसे क्रियान्वित करने का सुझाव देते हुए निर्देश दिए कि आगामी बैठक में माइक्रोप्लान के साथ संबंधित बैंक के रीजनल मैनेजर भी बैठक में प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने ताकीद करते हुए कहा कि ऐसे बैंक जहाँ सीडी रेशियो में सुधार नहीं होता है तो कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने बैंकों को अपना सीडी रेशियो बढ़ाए जाने के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्र पर फोकस करने का सुझाव दिया और कैम्प आयोजित कर ऋण वितरण में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न बैंकों को सरकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों के आविदों को अनावश्यक लंबित रखते हुए ऋण न देने पर नाराजगी व्यक्त की और लोन वाली स्कीम में रुचि लेने के निर्देश दिए। डीएलआरसी बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों का प्रीमियम काटे जाने और फसल क्षति के प्राप्त मुआवजा धनराशि की समीक्षा करते हुए उन्होंने तहसील मऊरानीपुर के ब्लॉक बंगरा में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा बंगरा के केसीसी की जांच 04 सदस्यीय टीम गठित कर किए जाने के निर्देश दिए। कमेटी के सदस्य उप कृषि निदेशक झाँसी, तहसीलदार मऊरानीपुर, लीडिंग बैंक मैनेजर पीएनबी और इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि शामिल हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि जल्द से जल्द जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराए। आज बैठक में जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम-युवा) योजना की समीक्षा करते हुए उपस्थित सभी बैंकर्स के डिस्ट्रिक्ट कॉरिडोर को निर्देशित किया कि शासन की लाभकारी योजनाएं जिसमें मत्स्य किसान क्रेडिट कार्ड एवं एनआरएलएम में समूह सखियों के बैंक लिंकेज आवेदनों पर संवेदनशील होता है।

ताकि शासन की योजना का सभी पात्र व्यक्तियों को लाभ मिल सके। उन्होंने नाम लेते हुए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया 342,पंजाब नेशनल बैंक 299,सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया 30, एचडीएफसी 25, यूपी ग्रामीण बैंक 50, बैंक ऑफ़ इंडिया 14, इंडियन बैंक 39, सहित अन्य बैंकों द्वारा 717 आवेदन निरस्त करने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए आवेदन निरस्त किए जाने के कारणों की जानकारी उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने इन सभी बैंकों को ताकीद करते हुए कहा कि आवेदनों पर पुनः विचार करते हुए स्वीकृति प्रदान कर वितरण करना सुनिश्चित किया जाए। लंबित रखने की स्थिति को किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा। डीएलआरसी की बैठक में जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने स्वयं सहायता समूह के सीसीएल रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए बैंकर्स को अपनी कार्य पद्धति में सुधार लाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैंकों द्वारा 327 सीसीएल फाइल लंबित रहने पर नाराजगी व्यक्त की, सबसे अधिक सीसीएल फाइल 117 लीड बैंक पीएनबी में, 100 प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक में,59 स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में,21 बैंक ऑफ़ इंडिया में सीसीएल फाइल सहित 327 पत्रावलियां लंबित हैं। उन्होंने ब्लाक स्तर पर कैंप आयोजित कर सभी आवेदनों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने बैठक में उपस्थित सभी बैंकों के डीसी से कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान,मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद, वित्त पोषण हेतु सहायता योजना में प्रेषित आवेदनों के निरस्तीकरण के कारण की क्या वजह है उसकी जानकारी आवेदनकर्ता को भी उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की निरस्तीकरण अधिक होने पर यह माना जाएगा कि बैंक अधिकारियों ने कार्य में रुचि नहीं ली। उन्होंने कहा कि युवाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए बैंकों को योजना अंतर्गत ऋण आवेदनों की स्वीकृति प्रदान कर वितरण भी सुनिश्चित करना होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि बुंदेलखंड में रोजगार के अधिक अवसर है, इस स्थिति में युवाओं को स्वावलंबी बनाने व स्वरोजगार लगाने में सभी बैंक अधिकारी सहयोग करते हुए उन्हें ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य है, उसकी तरक्की देश की तरक्की है। उन्होंने बैठक के दौरान बैंकों के कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रगति से असंतुष्ट होने पर खराब प्रदर्शन करने वाले बैंकों को समय से सुधार लाए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बैठक में ओडीओपी योजना अंतर्गत बैंकों में भेजे गए आवेदनों की समीक्षा करते हुए लंबित आवेदनों को तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार के अंतर्गत बैंकवार समीक्षा करते हुए बैंकों में प्रेषित आवेदनों को तत्काल स्वीकृत करते हुए वितरण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड, एलडीओ आरबीआई श्री विशाल यादव, डीसी एनआरएलएम श्री सुनील कुमार सिंह, उप आयुक्त उद्योग श्री मनीष चौधरी,अग्रणी बैंक प्रबंधक पीएनबी श्री योगेश ठाकुर, डीडीएम नाबार्ड श्री गौरव राघव, श्री भानु प्रताप यादव , सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व बैंकों से आए बैंक अधिकारी/प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# स्वच्छता अभियान के दावों पर सवाल: उरई मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन प्लांट के पास बायो मेडिकल वेस्ट का अंबार

- अस्पताल परिसर में खुले में पड़ा कचरा, संक्रमण फैलने का बढ़ा खतरा
- सूत्रों का दावा–लंबे समय से खराब पड़ा इंसिनरेटर, वैज्ञानिक निस्तारण नहीं हो रहा
- दुर्गंध और गंदगी से मरीज, तीमारदार और कर्मचारी परेशान
- प्रधानाचार्य की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, जिम्मेदारों से जांच और कार्रवाई की मांग



( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** उत्तर प्रदेश सरकार जहां एक ओर स्वच्छता अभियान और साफ-सफाई को लेकर बड़े स्तर पर प्रचार-प्रसार कर रही है, वहीं राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई की वास्तविक तस्वीर इन दावों पर सवाल खड़े करती नजर आ रही है। मेडिकल कॉलेज परिसर में ऑक्सीजन प्लांट के समीप भारी मात्रा में कचरा और कथित रूप से बायो मेडिकल वेस्ट खुले में पड़ा हुआ है। इससे न केवल दुर्गंध फैल रही है, बल्कि संक्रमण और गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।

मौके पर दिखाई दे रहे हालात बताते हैं कि परिसर में बड़ी मात्रा में कचरा लंबे समय से जमा है। प्लास्टिक बैग, चिकित्सा उपयोग की सामग्री, पैकिंग वेस्ट तथा अन्य अपशिष्ट खुले में बिखरे पड़े हैं। आसपास आने-जाने वाले मरीजों, तीमारदारों और कर्मचारियों को बदबू और गंदगी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल जैसा संवेदनशील स्थान होने के बावजूद सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं दिखाई दे रही है। स्थानीय सूत्रों का आरोप है कि मेडिकल कॉलेज का बायो मेडिकल वेस्ट निस्तारण करने वाला इंसिनरेटर लंबे समय से खराब पड़ा हुआ है। आरोप यह भी है कि इसे ठीक कराने के नाम पर अनियमितताएं हुईं, लेकिन इसके बावजूद मशीन सुचारु रूप से चालू नहीं हो सकी। परिणामस्वरूप अस्पताल के विभिन्न वार्डों से निकलने वाला कचरा परिसर में ही जमा किया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार अस्पताल से निकलने वाला बायो मेडिकल वेस्ट सामान्य कचरा नहीं होता। इसमें संक्रमित सामग्री, ड्रेसिंग, दवाओं का अपशिष्ट और अन्य चिकित्सीय अवशेष शामिल हो सकते हैं। यदि इसका वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण न किया जाए और इसे खुले में छोड़ दिया जाए, तो संक्रमण फैलने, पर्यावरण प्रदूषण तथा जनस्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. महेंद्र कुमार द्वारा नियमित निरीक्षण किए जाने और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही जाती है। हालांकि परिसर की मौजूदा स्थिति को देखकर स्थानीय लोगों का कहना है कि जमीनी स्तर पर सफाई व्यवस्था प्रभावी नहीं दिख रही है। लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद कोई ठोस सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अस्पताल में मरीज इलाज की उम्मीद लेकर आते हैं, लेकिन यदि परिसर में इसी प्रकार गंदगी और कथित रूप से बायो मेडिकल वेस्ट खुले में पड़ा रहेगा तो संक्रमण का खतरा और बढ़ सकता है। लोगों ने मांग की है कि परिसर में जमा कचरे का तत्काल वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण कराया जाए, खराब पड़े इंसिनरेटर को शीघ्र चालू कराया जाए तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

## हर्षवर्धन सिह कन्हैया के अध्यक्ष बनते ही दौड़ी खुशी की लहर

( यंग भारत न्यूज )



**मोंठ** ।बुंदेलखंड गुर्जर महासभा के अध्यक्ष बलवीर सिंह गुर्जर अटरा कला के द्वारा . ग्राम साकिन निवासी कीर्त कुमार सिंह गुर्जर सरपंच के पुत्र हर्षवर्धन सिंह गुर्जर उर्फ कन्हैया पूर्व ग्राम प्रधान साकिन को बुंदेलखंड गुर्जर महासभा का युवा मोर्चा क अध्यक्ष बनाया गया .हर्षवर्धन सिह गुर्जर कन्हैया को बुंदेलखंड के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभालने के बाद पूरे बुंदेलखंड संभाग और उससे जुड़े क्षेत्रों में समाज के युवाओं और गणमान्य लोगों के बीच खुशी का माहौल बना हुआ है सभी लोगों के द्वारा बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है इस खबर को सुनते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ पड़ी

## दिशा की बैठक नवीन सभागर कलैक्ट्रेट में आज प्रातः 10:30 बजे

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी:** परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण राजेश कुमार ने अवगत कराया है कि मा0 सांसद झांसी-ललितपुर श्री अनुराग शर्मा की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय निगरानी समिति (दिशा) की बैठक दिनांक 30 जून 2026 को पूर्वान्ह 10:30 बजे कलैक्ट्रेट नवीन सभागार में आहूत की जायेगी। उन्होने मा0जनप्रतिनिधियों एवं सम्बन्धित अधिकारियों से बैठक में समय से उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

## पुष्पांजलि अर्पित की

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** महान सांख्यिकीयविद पीश्सीश महालनोबिस के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में झांसी मंडल कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें श उमाकांत त्रिपाठी आईएएस एडिशनल कमिश्नर झांसी मंडल,उप निदेशक अर्थ एवं संख्या एस एन त्रिपाठी एवं समस्त स्टाफ द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई

# विद्यालयों में उत्सव की तरह आयोजित होगी पी0टी0एम0 :- जिलाधिकारी

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** शासन के निर्देशानुसार निपुण भारत मिशन एवं ऑपरेशन कायाकल्प योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में आयोजित हुई।



बैठक की अध्यक्षता करते हुए निपुण भारत मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए शैक्षणिक वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्ययोजना एवं रणनीति का विमोचन किया तथा जुलाई माह की प्रमुख शैक्षणिक प्राथमिकताओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि परिषदीय विद्यालयों की प्राथमिक कक्षाओं में सार्वभौमिक मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान प्राप्त करने तथा कक्षा 03 तक के सभी बच्चों में पढ़ने लिखने और संख्या ज्ञान में ग्रेड स्तर की अपेक्षित योग्यता प्राप्त करना 'निपुण भारत मिशन' का प्रमुख उद्देश्य है। निपुण भारत योजना को शिक्षा मंत्रालय द्वारा आरंभ किया गया है। निपुण भारत मिशन के माध्यम से सक्षम वातावरण का निर्माण किया जाना है जिसके माध्यम से आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता के ज्ञान को छात्रों में विकसित किया जा सके। इस दौरान उन्होंने कहा कि बच्चों के शैक्षिक ज्ञान के विकास हेतु शिक्षक एवं बच्चों के बीच मधुर आत्मीय संबंध होना अति आवश्यक है निश्चित रूप से यदि बच्चों के साथ शिक्षक के व्यवहार मधुर होते हैं तो उसके चमत्कारिक परिणाम बच्चों के शैक्षिक विकास में देखने को मिलते हैं। उन्होंने प्रत्येक कक्षा में शिक्षण संदर्शिका एवं शिक्षण सामग्री का प्रयोग कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने उपस्थित समस्त एआरपी /बीईओ को सम्बोधित करते हुए कहा की विद्यालयों में पैरेंट्स मीटिंग को एक उत्सव की तरह आयोजित किया जाए, इसके बेहतर परिणाम लाने के लिए शिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों द्वारा पैरेंट्स टीचर मीटिंग के लिए स्वयं कार्ड बनाते हुए अपने-अपने अभिभावकों को आमंत्रित करें। ऐसा करने से विद्यालयों में पीटीएम में बड़ी संख्या में अभिभावक प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने निपुण एक्शन प्लान पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा की यदि सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ नवाचारों को धरातल पर क्रियान्वित किया जाये तो निश्चित ही बच्चों में बदलाव आएगा। उन्होंने स्कूल में वीडियो फिल्म के माध्यम से बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करने साथ ही प्रॉपर यूनिफार्म में आने वाले बच्चों के अभिभावकों को सम्मानित किए जाने और स्कूल में होने वाली पीटीएम में प्रधानों का भी सहयोग लेने तथा उनके प्रतिभाग करने पर भी जोर देते हुए शिक्षा वातावरण में गुणात्मक सुधार आने की भी बात कही। उन्होंने कहा की ऐसे बदलाव करने से बच्चा स्कूल आने के लिए प्रेरित तो होगा और अभिभावक भी बच्चों को स्कूल भेजना सुनिश्चित करेगें। जिला स्तरीय निपुण टास्क फोर्स समिति की बैठक में जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने निर्देश देते हुए कहा की विकास खंड स्तर पर गठित टास्कफोर्स में शामिल उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी, एमओआईसी, एडीओ पंचायत, नायब तहसीलदार, सीडीपीओ, सप्लाई इंस्पेक्टर और बीईओ अपने क्षेत्र के विद्यालयों का शत प्रतिशत निरीक्षण करना सुनिश्चित करें ताकि शिक्षा में किए जा रहे नवाचारों को और प्रभावी बनाया जा सके। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने जनपद में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय को स्पोर्ट्स हब बनाए जाने के निर्देश दिए, उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसा विद्यालय जहां पर्याप्त स्थान उपलब्ध है, उसे चिह्नित करें ताकि बालिकाओं के लिए विभिन्न प्रकार की खेल गतिविधियों को वहाँ संचालित किया जा सके। उन्होंने स्कूल में बच्चों की उपस्थिति को बढ़ाए जाने के दृष्टिगत सुझाव देते हुए कहा की ऐसे शिक्षक जिनका शिक्षण कार्य अच्छा है तथा ऐसे बच्चे जिन्होंने अपने शिक्षण सत्र में कोई अभिनव कार्य किया है उनका सोशल मीडिया पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अन्य शिक्षक और बच्चे भी मोटीवेट हों, उन्होंने कहा कि कोई भी विद्यालय तभी एक आदर्श विद्यालय बन सकता है जब उस विद्यालय में मूलभूत सुविधाएं सुदृण हों। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत 19 मानकों के तहत जनपद के विद्यालयों का सुदृढ़ीकरण किया जा चुका है।

## मीर साहब अखाडें में पगड़ी रस्म अदा की गयी,खिलाडियो ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नगर में मोहर्रम की 12 वीं तारीख पर मीर साहब अखाड़े की पारंपरिक पगड़ी की रस्म श्रद्धा और सम्मान के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अखाड़े से जुड़े पदाधिकारी, खिलाड़ी और स्थानीय लोग मौजूद रहे ।कार्यक्रम के दौरान मीर साहब अखाड़े के सदर अनवार खलीफा,नायब खलीफा अहमद खां कड़ू मामा तथा अमन बेग को विधिवत पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। पगड़ी की रस्म पूरी होने के बाद अखाड़े के खिलाड़ियों ने अपने पारंपरिक खेल और शारीरिक कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने लाठी, तलवार और अन्य पारंपरिक युद्धक कलाओं से जुड़े विभिन्न करतब दिखाए। जिन्हें देखकर उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका उत्साहवर्धन किया ।कार्यक्रम में उपस्थित वशीर काजी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया ।वही कार्यक्रम में उस्ताद इकबाल खलीफा के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने अनुशासन और समर्पण का परिचय देते हुए अखाड़े की वर्षों पुरानी परंपरा को आगे बढ़ाया। आयोजन के दौरान मोहर्रम की परंपराओं और अखाड़ा संस्कृति की झलक भी देखने को मिली, जिससे माहौल पूरी तरह धार्मिक और सांस्कृतिक रंग में रंगा नजर आया ।इस अवसर पर इकराम अली, खिलाड़ी शहजाद राईन, वहीद राईन, अफजल अली, इरशाद अली, इमरान खलीफा, अबरार अली, आमिर अली, आकिब अली, असद अली, दिलशाद अली, अकरम अली, सैफ अली, इसरार अली, इकरार अली सहित अखाड़े के अनेक खिलाड़ी एवं सदस्य उपस्थित रहे ।आयोजन शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। स्थानीय लोगों ने इसे मोहर्रम की परंपराओं को जीवंत रखने वाला महत्वपूर्ण आयोजन बताया। पगड़ी की रस्म के साथ अखाड़े के खिलाड़ियों ने अपनी कला और परंपरा का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया तथा आपसी भाईचारे और एकता का संदेश भी दिया

## तेज हवा से कच्चे मकान में लगी आग से गृहस्थी का सामान जलकर खाक हुआ

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पनयारा में तेज हवा के चलते एक कच्चे मकान में अचानक आग लग गई। इस हादसे में गृहस्थी का अधिकांश सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित ने करीब दो लाख रुपये के नुकसान का दावा करते हुए सोमवार सुबह उपजिलाधिकारख हेमंत पटेल से आर्थिक सहायता और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है ।जानकारी के अनुसार ग्राम पनयारा निवासी धर्मेन्द्र कुमार पुत्र बालकिशुन घटना के समय अपने निजी कार्य से कोंच आए हुए थे। इसी दौरान दोपहर करीब 11 बजे तेज हवा के कारण उनके कच्चे खपरैल मकान में अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग से घर में रखा लगभग 8 क्विंटल गेहूं, 30 क्विंटल भूसा, पंखा, प्लास्टिक का कूलर, साइकिल, खाने-पीने का सामान, कपड़े, बर्तन, कच्चा खपरैल मकान, बांस-बल्ली तथा घर में रखी दस हजार पांच सौ रुपये की नकदी सहित करीब दो लाख रुपये मूल्य का सामान जलकर खाक हो गया ।घटना की सूचना तत्काल डायल 112 और दमकल विभाग को दी गई।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718